इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 287 | राजनांदगांव, शनिवार 05 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## इसरो ने रचा इतिहास! ईओएस-05 इमेजिंग सैटेलाइट लॉन्च, प्रधानमंत्री मोदी बोले- गर्व का पल



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और अहम अंतरिक्ष मिशन में सफलता हासिल की है. जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट ने ईओएस-05 इमेजिंग सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी तय ऑर्बिट में पहुंचा दिया. इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो और देश के वैज्ञानिकों को बधाई दी है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मिशन की सफलता पर खुशी जताई. उन्होंने इसे इसरो की एक और शानदार उपलब्धि बताते हुए कहा, यह पूरे देश के लिए गर्व का पल है. प्रधानमंत्री के मुताबिक, जीएसएलवी-एफ17 के जरिए ईओएस-05 को जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में पहुंचाया जाना भारत की अंतरिक्ष क्षमता, तकनीकी विकास और लगातार बढ़ते इनोवेशन को दिखाता है.

### इसरो और भारतीय कंपनियों की बढ़ रही साझेदारी

पीएम मोदी ने अपने संदेश में इसरो और भारतीय उद्योग के बीच बढ़ते सहयोग को भी अहम बताया. उन्होंने कहा कि स्पेस सेक्टर में सरकारी संस्थान और भारतीय कंपनियों के बीच बढ़ती साझेदारी देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ताकत और बड़े स्तर पर काम करने की क्षमता दे रही है. यह सहयोग भारत के स्पेस सेक्टर में निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को भी दिखाता है.

### जीएसएलवी-एफ17 ने पूरा किया मिशन

मिशन के दौरान जीएसएलवी-एफ17 ने ईओएस-05 सैटेलाइट को निर्धारित ऑर्बिट में सफलतापूर्वक स्थापित किया. इसके साथ ही रॉकेट ने अपने निर्धारित मिशन को पूरा कर लिया. ईओएस-05 की सफल तैनाती भारत के लिए स्पेस बेस्ड इमेजिंग और धरती से जुड़ी जानकारी हासिल करने की क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर देखी जा रही है.

### क्या है जीएसएलवी-एफ17 मिशन?

जीएसएलवी-एफ17 भारत की 19वीं उड़ान है. इस मिशन का मुख्य काम ईओएस-05 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाना था. रॉकेट को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के सेकंड लॉन्च पैड से छोड़ा गया. जीएसएलवी एक तीन स्टेज वाला रॉकेट है. इसमें सॉलिड, लिक्विड और क्रायोजेनिक स्टेज का इस्तेमाल होता है. यह भारी सैटेलाइट को ऊंची कक्षा तक पहुंचाने के लिए बनाया गया है.

### ईओएस-05 क्या है?

ईओएस-05 एक आधुनिक सैटेलाइट है. इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह भारत का पहला ऐसा इमेजिंग सैटेलाइट है जिसे हिजोसिंक्रोनस ऑर्बिट से धरती की तस्वीरें लेने के लिए तैयार किया गया है. यह सैटेलाइट धरती से करीब 36,000 किलोमीटर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीजेपी प्रदर्शन के दौरान घटित मामले पर पुलिस के खिलाफ संसद मार्ग थाने पर प्रदर्शन



नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में शामिल निशू आजाद के पिता संजय पर हुए हमले और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को संसद मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर विभिन्न समूहों ने धरना दिया। इस धरने में कांग्रेस, निर्दलीय सांसद, पप्पू यादव, वाम दलों के छात्र नेता एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ता शामिल हुए। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पीड़िता निशू आज़ाद और उनके समर्थकों के साथ वहां बैठे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली पुलिस और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि निशू आजाद के पिता पर दो महीने पहले जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। घटना के वक्त निशु आज़ाद ने दिल्ली पुलिस से इंसाफ और दोषियों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई थी। हालांकि, दो महीने बीत जाने के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और अपने अपराध को स्वीकार कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि आरोपियों ने खुद हमले की बात स्वीकार की है, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर उन पर हत्या के प्रयास समेत सख्त से सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए। इसी बीच सीजेपी नेता आशुतोष रांका और सौरभ दास भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। रांका ने मीडिया को बताया कि सौरव और उनकी पूरी टीम लगातार दिल्ली पुलिस से आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और उन पर हत्या के प्रयास की धाराएं लगाने की मांग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस भाजपा नेताओं और कपिल मिश्रा की शह पर काम कर रही है और आरोपियों को बचा रही है। रांका ने सवाल उठाया कि जब शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस की भारी फौज तैनात की जा सकती है, तो उस बल का दसवां हिस्सा भी खुलेआम अपराध कबूल करने वाले गुंडों को पकड़ने में क्यों इस्तेमाल नहीं किया गया। धरने पर बैठे निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने दिल्ली पुलिस और सरकार की कार्यशैली पर तीखा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पाठकों को बधाई...




श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व दही हाण्डी की समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

\- **सम्पादक**

### आज अवकाश

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व दही हाण्डी के अवसर पर आज दैनिक दावा कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 07 सितंबर 2026 को प्राप्त होगा। - **व्यवस्थापक**

## नेपाल बाढ़-9 दिन बाद सुरंग से जिंदा निकले 2 मजदूर : 40 के अब भी फंसे होने की आशंका



काठमांडू। नेपाल में पिछले महीने आई विनाशकारी फ्लैश फ्लड के बाद हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं. देश की राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार शुक्रवार तक मृतकों की संख्या बढ़कर 1,287 हो गई है, जबकि 5,083 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं. राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है. इस बीच त्रिशूली 3ए हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग से दो लोगों को जीवित निकाला गया है.

### चितवन में सबसे ज्यादा 359 शव बरामद

एनडीआरआरएमए के मुताबिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब तक सबसे ज्यादा 359 शव चितवन से बरामद किए गए हैं. इसके बाद नवलपरासी ईस्ट से 219, नवलपरासी वेस्ट से 212, नुवाकोट से 184, रसुवा से 140, गोरखा से 72, धादिंग से 63 और तनहूं से 38 शव मिले हैं. अब तक 96 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं. प्रशासन का कहना है कि प्रभावित इलाकों में तलाश अभियान अभी भी जारी है.

### 5,083 लोग लापता, इनमें विदेशी नागरिक भी शामिल

आपदा प्राधिकरण के अनुसार 5,083 लोग लापता हैं. इनमें रसुवा में 2,130 और नुवाकोट में 2,340 लोगों का अब तक पता नहीं चल सका है. लापता लोगों में 583 विदेशी नागरिक भी बताए गए हैं. बड़ी संख्या में लोगों के लापता होने के कारण सुरक्षा बल लगातार नदी किनारों, मलबे और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तलाश कर रहे हैं. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान शुक्रवार को राहत टीमों को बड़ी सफलता मिली. त्रिशूली 3ए हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग में फंसे दो लोगों को जीवित बाहर निकाला गया. काठमांडू पोस्ट के अनुसार इनकी पहचान मैकेनिकल फोरमैन संजय साह और मैकेनिकल सुपरवाइजर कबीर महारजन के रूप में हुई है. दोनों को एयरलिफ्ट कर काठमांडू ले जाया गया. संजय साह का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## टेक्सटाइल सेक्टर में छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी संभावनाएं, केंद्र सरकार करेगा हरसंभव सहयोग : गिरिराज सिंह



**नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री से मिले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राज्य को सेंट्रल इंडिया का टेक्सटाइल हब बनाने पर हुई चर्चा**

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ को देश और मध्य भारत के प्रमुख टेक्सटाइल एवं अपैरल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से सौजन्य मुलाकात कर प्रदेश में वस्त्र उद्योग के विस्तार, पूंजी निवेश और वृहद रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने राज्य की पहलों की सराहना करते हुए आधुनिक तकनीक, डिजाइन, कौशल विकास एवं नवाचार के क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### औद्योगिक विकास नीति में टेक्सटाइल 'थ्रस्ट सेक्टर' घोषित

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि राज्य सरकार ने अपनी नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में टेक्सटाइल क्षेत्र को थ्रस्ट सेक्टर का दर्जा दिया है। इसके तहत निवेशकों व उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए विशेष अनुदान एवं प्रोत्साहन पैकेज लागू किए गए हैं। चूंकि टेक्सटाइल उद्योग श्रम आधारित होता है, इसलिए 1,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देने वाली इकाइयों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इससे महिलाओं और युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### नवा रायपुर में आकार ले रहा संपूर्ण इको-सिस्टम

मुख्यमंत्री ने बताया कि नवा रायपुर अटल नगर में टेक्सटाइल इकाइयों की स्थापना की प्रक्रिया तेज हो गई है। राज्य शासन की योजना केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर डिजाइनिंग, आधुनिक तकनीक, कौशल विकास और मार्केटिंग का एक समग्र टेक्सटाइल इको-सिस्टम खड़ा करने की है। इससे सहायक लघु उद्योगों और स्थानीय युवा उद्यमियों को भी संबल मिलेगा।

### निफ्ट से कोसा सिल्क को मिलेगा आधुनिक बाजार

छत्तीसगढ़ की समृद्ध वस्त्र परंपरा का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चांपा का कोसा सिल्क और हथकरघा कला विश्वभर में विख्यात है। इस पारंपरिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)












## पहला कॉलम...

### चेंबर ऑफ कॉमर्स ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत



**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सर्व यादव समाज द्वारा निकाली गई भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की स्थानीय इकाई द्वारा आत्मीय व हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में स्वागत किया गया। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं व्यापारी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर चेंबर के प्रतिनिधियों द्वारा सर्व यादव समाज के संरक्षक एवं महापौर मधुसूदन यादव, समाज के वरिष्ठ नेता मन्ना यादव तथा महेंद्र यादव सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की सभी को बधाई देते हुए शोभायात्रा में सम्मिलित समाज के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन शहर में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। स्वागत कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े प्रमुख व्यापारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शांति व्यवस्था भंग करने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**चिकन सेंटर के पास छड़ उठाने को लेकर ग्रामीणों से विवाद और मारपीट पर उतारू थे आरोपी**



**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी ने क्षेत्र में उपद्रव करने और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया। तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 सितंबर को तुमड़ीबोड़ स्थित छत्तीसगढ़ चिकन सेंटर के पास रखे लोहे के छड़ को शंकरपुर वार्ड क्रमांक 10 निवासी दो युवक जबरन ले जाने का प्रयास कर रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मना किए जाने पर दोनों गाली-गलौज और विवाद करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और उन्हें शांत कराने का प्रयास किया, किंतु आरोपी और अधिक उग्र होकर मारपीट पर आमादा हो गए।

गिरफ्तार आरोपियों में ललित दास मानिकपुरी (32 वर्ष), पिता ज्ञानिक दास, निवासी शंकरपुर वार्ड नं. 10 एवं भूपेंद्र वैष्णव (22 वर्ष), पिता लखन वैष्णव, निवासी शंकरपुर वार्ड नं. 10 आदि है। सार्वजनिक स्थल पर संज्ञेय अपराध घटित होने तथा लोक शांति भंग होने की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने दोनों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत अभिरक्षा में ले लिया और प्रतिबंधात्मक इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### गुरुजनों का आज होगा सम्मान

**राजनांदगांव(दावा)।** देशभर में आज 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। यह दिन महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूलों में शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थी अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करेंगे और उनके योगदान को याद करेंगे। शिक्षक दिवस पर समाज में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को सम्मानित किया जाएगा।




श्री कृष्णा (एयरकूल) में
ता. 04 सितम्बर से रोजाना 04 खेल
समय:- 12:00, 03:00
06:00 व रात 09:00 बजे
तोर मयारू मोर मयारू छत्तीसगढ़ी
अमलेश नागेश, मन कुरैशी, काजल सोनबेर, व इशिका यादव
टिकट दर बालकनी 100/-

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# जमीन खरीदी-बिक्री का कमीशन नहीं देने पर अर्जुन वाधवानी की हुई थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## 6 लाख के कमीशन विवाद में लोहे के सब्बल से उतारा था मौत के घाट, चादर में लपेटकर घर में छिपाया था शव



**राजनांदगांव (दावा)।** चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत दीनदयाल नगर में गुरुवार की रात घटित सनसनीखेज अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर सुलझा लिया है। जमीन खरीदी-बिक्री के 6 लाख रुपये के कमीशन विवाद में युवक की लोहे के सब्बल से नृशंस हत्या की गई थी। चिखली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे सुनील वर्मा को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त सब्बल, प्रयुक्त कार व अन्य साक्ष्य बरामद कर लिए हैं। आरोपी को सक्षम न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### रात को निकला था मृतक, कमरे में चादर में लिपटा मिला शव

चिखली चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि प्रार्थी विकास देवांगन ने सूचना दी कि उसका मित्र अर्जुन वाधवानी 2 सितंबर की रात घर से निकला था, जो अगली सुबह तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान जब दीनदयाल नगर स्थित सुनील वर्मा के किराए के मकान में जाकर देखा गया, तो मकान के पिछले हिस्से (हॉल) में अर्जुन वाधवानी का शव चादर में लिपटा हुआ मिला और बाहर से ताला लगा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। घटना की रात आरोपी के किराए के मकान में कमीशन के पैसों को लेकर दोनों के बीच फिर से तीखा विवाद हुआ। आक्रोश में आकर सुनील वर्मा ने कमरे में रखे लोहे के भारी सब्बल से अर्जुन के सिर और माथे पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने शव को चादर में लपेटा और मकान में ताला जड़कर फरार हो गया। इसके बाद उसने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से मृतक की ही कार का उपयोग करते हुए खून से सने कपड़े व सब्बल को गठुला नाला के पास छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सब्बल, कपड़े एवं कार जब्त कर ली है।

### कमीशन के 3 लाख रुपये को लेकर उपजा विवाद

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में चिखली पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सुनील वर्मा उर्फ बबलू (29 वर्ष), पिता उमाशंकर शर्मा (मूल निवासी रामनगर वार्ड नं. 8, हाल निवास दीनदयाल नगर) को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह और अर्जुन वाधवानी मिलकर जमीन दलाली का कार्य करते थे। हाल ही में एक सौदे में 6 लाख रुपये का कमीशन मिला था, जिसमें से आरोपी अपने हिस्से के 3 लाख रुपये की लगातार मांग कर रहा था। मृतक पिछले 6-7 महीनों से रकम देने में टालमटोल कर रहा था।

# जिला अस्पताल को मिला 'ईट राइट कैंपस' का 5-स्टार दर्जा, एफएसएसएआई ने जारी किया प्रमाण पत्र

**छत्तीसगढ़ का पहला सरकारी अस्पताल बना राजनांदगांव जिला चिकित्सालय, जिसे मिला यह प्रतिष्ठित सम्मान, डॉ. रमन सिंह और कलेक्टर जीतेंद्र यादव के मार्गदर्शन में मिली ऐतिहासिक उपलब्धि : सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद**



**राजनांदगांव(दावा)।** बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में राज्य स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा जिला चिकित्सालय राजनांदगांव को प्रतिष्ठित ईट राइट कैंपस के तहत सर्वोच्च '5-स्टार' प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि राजनांदगांव जिला अस्पताल पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का ऐसा पहला शासकीय अस्पताल बन गया है, जिसे एफएसएसएआई द्वारा 5-स्टार ईट राइट कैंपस का दर्जा दिया गया है। यह प्रमाण पत्र 2 सितंबर 2026 से 1 सितंबर 2028 तक की दो वर्षीय अवधि के लिए मान्य रहेगा।

### स्वच्छ, सुरक्षित और पौष्टिक आहार की प्रतिबद्धता

जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा कलेक्टर जीतेंद्र यादव के सतत मार्गदर्शन और प्रेरणा से संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान अस्पताल परिसर में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों और समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को स्वच्छ, सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में किए गए निरंतर सुधारों का परिणाम है।

### सामूहिक प्रयास और कुशल प्रबंधन का फल

डॉ. प्रसाद ने रेखांकित किया कि यह उपलब्धि केवल एक औपचारिक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अस्पताल प्रबंधन के समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कलेक्टर के कुशल नेतृत्व के साथ-साथ चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ, खाद्य प्रबंधन (किचन विंग) से जुड़े कर्मियों और समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम को दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अस्पताल में पोषण और स्वच्छता के इन उच्च मानकों को भविष्य में भी निरंतर बनाए रखा जाएगा।

# चिखली पुलिस ने अशांति फैलाने वाले युवक को धरदबोचा

**शंकरपुर शारदा चौक निवासी आदतन बदमाश रोहित देवांगन गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश**



**राजनांदगांव (दावा)।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से चिखली चौकी पुलिस ने क्षेत्र में अशांति फैलाने और विवाद करने वाले एक आदतन युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया। चिखली चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

चौकी प्रभारी के अनुसार चौकी में प्राप्त शिकायत आवेदनों और वाद-विवाद की सूचनाओं की जांच के दौरान शंकरपुर शारदा चौक में शांति व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल आशंका को देखते हुए त्वरित कदम उठाया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी रोहित देवांगन (23 वर्ष), पिता राम अवतार देवांगन, निवासी शंकरपुर शारदा चौक को अभिरक्षा में ले लिया। किसी अप्रिय घटना को टालने के लिए आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत इस्तगासा तैयार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया गया।

# असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को सुरगी पुलिस ने धर दबोचा, 4 लोगों पर कार्रवाई

**गांव में विवाद और हंगामा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश, पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर पकड़ा**



**राजनांदगांव (दावा)।** आगामी गणेशोत्सव और पर्वों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सुरगी चौकी पुलिस ने क्षेत्र में अशांति फैलाने और हंगामा करने वाले चार उपद्रवी तत्वों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के समक्ष पेश किया। सुरगी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ढाल सिंग साहू ने बताया कि जिले भर में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पहुंची थी टीम

पुलिस के अनुसार 4 सितंबर को ग्राम सुरगी के ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति चोरी-छिपे अवैध शराब की बिक्री कर गांव की शांति और माहौल खराब कर रहे हैं। सूचना पर सुरगी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में संदेहियों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से कोई शराब तो बरामद नहीं हुई, किंतु पूछताछ और जांच की प्रक्रिया से आक्रोशित होकर संदेही गवाहों और ग्रामीणों से गाली-गलौज व विवाद करने लगे।

### कार्रवाई का विरोध और हंगामा करने पर गिरफ्तारी

उक्त व्यक्तियों ने पुलिस कार्रवाई का खुला विरोध करते हुए ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने की बात पर सार्वजनिक स्थान पर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। उनके उग्र रवैये से गांव में लोक शांति भंग होने और संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल आशंका उत्पन्न हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों में हिरेंद्र साहू (30 वर्ष), पिता कृष्णा साहू, निवासी ग्राम सुरगी, राधेश्याम साहू (49 वर्ष), पिता मोहनलाल साहू, निवासी ग्राम सुरगी, होम लाल साहू (25 वर्ष), पिता भीखू राम साहू, निवासी ग्राम सुरगी एवं संतोष विश्वकर्मा (48 वर्ष), पिता स्व. सेवाराम विश्वकर्मा, निवासी ग्राम सुरगी आदि है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक इस्तगासा तैयार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान उपद्रव मचाने या शांति भंग करने वालों पर सख्ती जारी रहेगी।

# अमानत में खयानत करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, बोरतलाव पुलिस ने भेजा न्यायिक रिमांड पर जेल

**3 टन खीरा कटनी मंडी न पहुंचाकर खुर्द-बुर्द करने का मामला**



**बोरतलाव (दावा)।** किसान से क्रय किए गए 3 टन खीरे को गंतव्य तक न पहुंचाकर खुर्द-बुर्द करने और अमानत में खयानत करने के मामले में थाना बोरतलाव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### यह था पूरा मामला

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय कुमार सिन्हा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने 30 जून को किसानों से 60,000 रुपये मूल्य का 3 टन खीरा खरीदा था। उक्त माल को ट्रांसपोर्टर नजीर अंसारी एवं पिकअप चालक अतुल यादव के माध्यम से कटनी (मध्य प्रदेश) की सब्जी मंडी भेजा गया था। हालांकि, आरोपियों ने खीरे को निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचाया और उसे अन्यत्र कहीं फेंककर खुर्द-बुर्द कर दिया। प्रार्थी को माल या उसकी रकम न देकर धोखाधड़ी की गई। प्रार्थी की लिखित शिकायत पर बोरतलाव थाने में अपराध क्रमांक 57/2026, धारा 316(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### भिलाई और रायपुर में दबिश देकर पकड़ा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी केशरीनंदन नायक के पर्यवेक्षण में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने 4 सितंबर की तड़के आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में नजीर अंसारी (24 वर्ष), पिता सदरूद्दीन अंसारी, निवासी सुंदर विहार कालोनी, अटल आवास, कुरुद, भिलाई (छ.ग.) व अतुल यादव (21 वर्ष), पिता गिरजाशंकर यादव, निवासी दुर्गानगर, बीरगांव, रायपुर है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी चालक ने बताया कि घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को फाइनेंस कंपनी द्वारा सीज कर लिया गया है, जिसे पुलिस द्वारा संबंधित कंपनी से जब्त करने की प्रक्रिया की जा रही है।

| शुभांक | |
|---|---|
| बी. के. | |
| 1-4-8 | |
| 223-7 | 244-0 |
| राजधानी | |
| 2-5-7 | |
| 577-9 | 135-9 |

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# आयुक्त मरकाम स्वच्छता कायम रखने, मवेशी पकड़ने, अतिक्रमण हटाने पर दे रहे जोर



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर में स्वच्छता कायम रखने, स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के लिए निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम द्वारा प्रतिदिन सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई निरीक्षण कर सफाई में सुधार की दिशा में कार्य करने कर्मचारियों को दिशा निर्देश देने के साथ-साथ, सफाई में अवरोध अतिक्रमण हटवा रहे है तथा मवेशियो को दुर्घटना से बचाने मवेशी धरपकड अभियान की मानिटरिंग भी कर रहे है। इसके अलावा सड़क के गड्ढो में पेचवर्क करा मरम्मत भी कराया जा रहा है। अगस्त माह में आयुक्त मरकाम 31 दिन में सुबह 27 दिन सफाई निरीक्षण कर प्रदेश के निकायों में सबसे ज्यादा मारनिंग विजिट करने वाले अधिकारियो की श्रेणी में प्रथम थे। आज के सफाई निरीक्षण में आयुक्त श्री मरकाम ने गंज चैक से नंदई चैक क्षेत्र में सफाई का जायजा लेकर रोड के दोनो किनारे तक सफाई करवा झिल्ली पन्नी उठवाए। इस दौरान उन्होंने नागरिको, होटल व अन्य व्यवसायियों तथा ठेला-खोमचा वालों को साफ-सफाई रखने झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा रोड या नाली के उपर अतिक्रमण नहीं करने समझाईस भी दिये। उन्होंने सफाई अमला से कहा है कि प्रमुख मार्ग को ध्यान में रखकर सफाई में जोर देते हुए निर्धारित समय अवधि तक सफाई कार्य करना सुनिश्चित करे। बारिश का पानी की निकासी करावे, गंदगी करते पाये जाने पर संबंधित पर जुर्माना लगावे। उन्होंने स्वास्थ्य अमला से कहा कि साफ सफाई में कोताही बर्दास्त नहीं की जावेगी।

सफाई के साथ साथ आयुक्त ने अतिक्रमण हटवाने भी लगे हुए है। अतिक्रमण की शिकायत या अतिक्रमण दिखने पर स्वयं स्थल पहुच हटवाने की कार्यवाही कर रहे है। कल उनके द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास अवैध रूप से रखे ठेला-खोमचा हटवाकर सफाई कराया गया। उन्होंने निगम अमला से कहा कि नाली के उपर या रोड में अतिक्रमण पाये जाने एवं मटेरियल व मलमा रखे दिखने पर तत्काल कार्यवाही करे। बारिश में सुगम आवागमन के लिए सड़को के गड्ढों में पेचवर्क कर मरम्मत करने का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता में जोर देने दिशा निर्देश दे रहे है। जिससे आवागमन में सुविधा हो। इसी प्रकार दुर्घटना से बचाने निगम के मवेशी धरपकड अभियान अमला द्वारा चैक चैराहो में बैठे व विचरण करते मवेशियो को उठाया जा रहा है। उसकी निरंतर मानिटरिंग कर रहे है और मवेशियो के गले में रेडियम पट्टी लगा उनके सिंग में रेडियम टेप लगाने भी निर्देशित कर रहे है। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा है कि सभी अपने अपने प्रभारित वार्ड में प्रतिदिन निर्माण कार्य के अलावा बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था की निरंतर मानिटरिंग करेंगे।

## सांहड़ा देव में पूजा-अर्चना के बाद निकलीं मनमोहक झांकियां, कान्हा बा की प्रतिमाएं की गई स्थापित

# श्रीकृष्ण भक्ति के रंग में रंगा शहर, श्रद्धा और आस्था का उमड़ा सैलाब

**राजनांदगांव (दावा)।** भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर संस्कारधानी में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पावन पर्व अपार श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सनातन धर्मावलंबियों ने घरों में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं, सर्व यादव समाज द्वारा निकाली गई विशाल शोभायात्रा और नगर भ्रमण करतीं नयनाभिराम झांकियां पूरे शहर में आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।



### राउत बाजा की थाप पर नाचे महापौर और जनप्रतिनिधि

नगर पालिक निगम द्वारा बसंतपुर थाने के समीप भव्य स्वागत पंडाल लगाया गया, जहां से शोभायात्रियों पर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान पारंपरिक राउत बाजा की गूंज पर महापौर मधुसूदन यादव, एमआईसी सदस्य राजा माखीजा, आलोक श्रोती, राणू जैन, सुदेश यादव (चिटरु), एमन यादव, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि खुद को रोक नहीं पाए और जमकर थिरके। बांस गीत कलाकारों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

### मंदिरों में गोकुल-वृंदावन जैसी सजी छटा

कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर को गोकुल-वृंदावन का स्वरूप देकर आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां देर रात तक श्रद्धालुओं ने कन्हैया के पालने की डोरी खींचकर पुण्य लाभ कमाया। इसके अलावा शहर के श्री राधाकृष्ण मंदिर, बालाजी मंदिर, दिग्विजय कॉलेज स्थित श्रीकृष्ण मंदिर एवं लालबागेश्वर मंदिर सहित सभी देवालयों में पूजा-अर्चना व महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### सांहड़ा देव मंदिर में सपत्नीक की पूजा-अर्चना

यदुवंशी समाज द्वारा अपने इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के समीप स्थित सांहड़ा देव मंदिर में विधि-विधान से की गई। समाज के झरिया, कोसरिया व ठेठवार (कनौजिया) सर्व यादव समाज की ओर से संरक्षक मधुसूदन यादव ने धर्मपत्नी के साथ विधिवत पूजा कर नगरवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मन्ना यादव, गरीबा यादव, भोला यादव सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राउत नाचा, गेंड़ी नृत्य और झांकियों की रही धूम

मंदिर परिसर में पूजा के पश्चात शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचीं जीवंत झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर युवा थिरकते रहे। शोभायात्रा में पारंपरिक राउत नाचा, गेंड़ी नृत्य और राधा-कृष्ण नृत्य मंडली की मनमोहक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और श्रावण झूला झूलती युगल स्वरूप की झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भ्रमण मार्ग में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने आरती उतारकर और पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया।

जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा दो दिवसीय आयोजन के तहत प्रथम दिन भव्य बाइक रैली निकाली गई थी। वहीं शहर के लोहार पारा, भरका पारा एवं हमाल पारा में मराठा मंडल, तराने मंडल आदि समितियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण (कान्हा बा) की नयनाभिराम प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां तीन दिनों तक धार्मिक व सांस्कृतिक अनुष्ठान चलेंगे।

# शिक्षिका मरियम लालानी 'मुख्यमंत्री ज्ञानदीप पुरस्कार 2026' हेतु चयनित, आज होंगी सम्मानित



**राजनांदगांव (दावा)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेडेसरा की समर्पित शिक्षिका श्रीमती मरियम लालानी का चयन प्रतिष्ठित ''मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञानदीप पुरस्कार 2026'' के लिए किया गया है। यह राज्यस्तरीय सम्मान उन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर 2026 को शहर के पं. गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदान किया जाएगा। 'कर्म ही पूजा है' के ध्येय वाक्य को आत्मसात कर कार्य करने वाली श्रीमती लालानी 29 जून 2010 से निरंतर शासकीय सेवा में पदस्थ हैं। इससे पूर्व वे लगभग 10 वर्षों तक निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, विभागाध्यक्ष से लेकर प्राचार्य तक के पदों पर उत्कृष्ट सेवाएं दे चुकी हैं।

### अंग्रेजी शिक्षण के साथ सामाजिक सरोकार में अग्रणी

अंग्रेजी विषय की शिक्षिका होते हुए भी श्रीमती लालानी जरूरतमंद और निर्धन बच्चों की सहायता के लिए विशेष रूप से जानी जाती हैं। उन्होंने अब तक स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विद्यार्थियों को लगभग 5,000 पानी की बोतलें वितरित की हैं। इसके अलावा वे वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को समय-समय पर पेन, पेंसिल, कॉपी, पाठ्यपुस्तकें व अन्य शिक्षण सामग्रियां उपलब्ध कराती रही हैं।

विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए उन्होंने प्राथमिक शाला टेडेसरा में ''हुनर का झोला'' नामक टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) निर्माण में मार्गदर्शन दिया, जिसे जिला स्तर पर सराहा और चयनित किया गया। 'बस्ता विहीन शनिवार' (बैगलेस डे) के दिन वे विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक व व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण देती हैं। इसके साथ ही ग्रीष्मावकाश में बच्चों के भाषा कौशल को निखारने के लिए वे निःशुल्क अंग्रेजी क्लब का संचालन करती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने की दिशा में वे प्रयासरत हैं। श्रीमती लालानी को पूर्व में राष्ट्रीय गौरव शिक्षा सम्मान 2026, कर्मयोगी भारत डिजिटल परिवर्तन प्रमाण पत्र, शाला एवं व्यक्तिगत सुरक्षा मास्टर ट्रेनर (2022), सक्षम बिटिया अभियान प्रशंसा पत्र (2022), सामाजिक विज्ञान परियोजना राज्य स्तरीय पुरस्कार (2021) जैसे कई सम्मान मिल चुके हैं। अंगना म शिक्षा एवं स्मार्ट माता कार्यक्रम के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए उन्हें तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा वे अग्निवीर थल सेना लिखित परीक्षा की मास्टर ट्रेनर तथा कनाडा की संस्था द्वारा वुमन अचीवर्स अवार्ड (2009) से भी नवाजी जा चुकी हैं। इस गौरवमयी उपलब्धि पर ग्राम पंचायत टेडेसरा के सरपंच डॉ. खिलेश्वर साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र साहू, संकुल प्रभारी प्राचार्य हरनाम सिंह यादव, प्रधान पाठक सुनीता राव केशलवार, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक मंगलबत्ती साहू सहित संकुल के समस्त शिक्षकों, पालकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन, प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय रॉयल किड्स कॉन्वेंट में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विविध रचनात्मक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूरा विद्यालय परिसर फूलों, गुब्बारों और मनमोहक झांकियों से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। प्री-प्राइमरी विभाग के नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की वेशभूषा में सजकर विद्यालय पहुंचे। बाल स्वरूप में सजे इन बच्चों की मुस्कान और मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों और मनमोहक नृत्यों ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



### विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता : प्राचार्य

कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के बीच मटकी सज्जा, मुकुट मेकिंग, झूला और बांसुरी सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में कलात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों से जोड़ते हैं। समारोह के सफल आयोजन पर शाला की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, जानवी सिंह, इला सिंह, बोर्ड मेंबर्स टी.एस. बग्गा, राहुल देव चौधरी, बर्सर आई.के. वैष्णव, प्राचार्या एकता खंडेलवाल, उप-प्राचार्या ममता मिश्रा, एच.एम. सरिता सिंह, कल्चरल इंचार्ज अपर्णा वर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

कक्षा 1 (अ) में प्रथम निधि साहू, द्वितीय पैत्रा, इवा संगतानी व तृतीय गियाना कावडे, भव्य साहू, कक्षा 1 (ब) में प्रथम कबीर सोनकर, द्वितीय तिसा सिन्हा, आहुति साहू, तृतीय नितिन गोरे, धार्मिक चंदेल, कक्षा 1 (स) में प्रथम चार्वी वर्मा, द्वितीय रिद्धि चौहान, वैभवी सिन्हा, तृतीय हिमान्या साहू, नम्या कौशिक, कक्षा 2 (अ) से बांसुरी सजाओ में प्रथम कुमकुम निषाद, द्वितीय, दृष्टि गुप्ता, तृतीय यशवर्धन धोक, झूला सजाओ में प्रथम रूशांक खंडेलवाल, इवांशी साहू, द्वितीय योशिका साहू, हेनल देवांगन, तृतीय समृद्धि बघेल, मोक्षीका साहू, कक्षा 2 (ब) में बांसुरी सजाओ में प्रथम आद्विका भगत, वेदिका टांक, द्वितीय दानिया साहू, नव्या कुम्हारे, तृतीय यासमीन साहू, हरसीरत कौर राजपूत, झूला सजाओ में प्रथम शिव्या शुक्ला, द्वितीय आर्वी मेश्राम, तृतीय दिव्यांश ढीमर, कक्षा 2 (स) से बांसुरी सजाओ में प्रथम विदिशा यादव, द्वितीय, दिवांशी साहू, गौरवी देवांगन, तृतीय, आरव साहू, लवित साहू, झूला सजाओ में प्रथम आरवी साहू, द्वितीय अव्या शर्मा, गौरवी देवांगन, तृतीय आराध्या वर्मा, कक्षा 3 (अ) से प्रथम तान्या यादव, द्वितीय सौर्य देवांगन, कृतिका सिन्हा, तृतीय प्रियांशी जाधव, मानवी राजपूत, कक्षा 3 (ब) से प्रथम आर्यन वर्मा, द्वितीय प्रणय सोनकर, पार्थवी सिंह ठाकुर, तृतीय शिवांश महाजन, विनय सिन्हा, कक्षा 3 (स) से प्रथम पूर्वी शर्मा, द्वितीय दिव्यंका नंदवानी, प्रियांशु निर्मलकर, तृतीय यांश यादव, नियति जायसवाल, कक्षा 4 (अ) से प्रथम तेमांशु सिन्हा, द्वितीय लावण्या जंघेल, शिवांगी सिंह, तृतीय तुषार यादव, एलीना सिद्धीकी, कक्षा 4 (ब) से प्रथम सोनम राणा, द्वितीय अभिराज सिंह राजपूत, अक्षता झा, तृतीय दिशा सोनी, एलिजाबेथ साजू, कक्षा 5 (अ) से प्रथम लक्ष्य बैरागी, द्वितीय किंजल साहू, शैलजा साहू, तृतीय गगन भोयर, ज्वाला श्रीवास्तव, कक्षा 5 (ब) से प्रथम मानस देवांगन, द्वितीय चिन्मय साहू, निहारिका तेजवानी, तृतीय लव्य कुर्रे, अर्सलान अली, कक्षा 5 (स) से प्रथम युशिका यादव, सिद्धार्थ जामुलकर, द्वितीय श्रेष्ठा श्रीवास्तव, तेयांश रजक, तृतीय पलक साहू आदि है।

# आज अंडर-19 जिला क्रिकेट टीम के लिए चयन प्रक्रिया, दिग्विजय स्टेडियम में जुटेंगे युवा खिलाड़ी

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा अंडर-19 जिला क्रिकेट टीम गठन हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन 5 सितंबर को दिग्विजय स्टेडियम में किया जा रहा है। ट्रॉयल सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। इस चयन प्रक्रिया के जरिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की अंतर जिला क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए तैयार किया जाएगा। एसोसिएशन के अनुसार, अंडर-19 आयु वर्ग के लिए कट-ऑफ डेट 1 सितंबर 2008 या उसके बाद निर्धारित की गई है। इस ट्रॉयल में पूर्व पंजीकृत खिलाड़ियों के साथ-साथ नए प्रतिभागी भी हिस्सा ले सकते हैं। जिन खिलाड़ियों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है, वे सीधे दिग्विजय स्टेडियम पहुंचकर मौके पर ही पंजीयन करवा सकते हैं।

### मूल दस्तावेज और व्हाइट किट अनिवार्य

नए पंजीयन के लिए खिलाड़ियों को पिछले 5 वर्षों की अंकसूची (मार्कशीट), जन्म प्रमाण पत्र, पहचान पत्र (आधार कार्ड) की मूल प्रतियां और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। आवश्यक दस्तावेजों के बिना किसी भी खिलाड़ी को ट्रॉयल में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके अलावा सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट की सफेद पोशाक (व्हाइट किट) में उपस्थित होना आवश्यक है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि चयनकर्ताओं की आधिकारिक निगरानी में निष्पक्ष ट्रॉयल आयोजित किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए खिलाड़ियों के लिए एक सघन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। शिविर में खिलाड़ियों के खेल कौशल और फिटनेस का आकलन करने के बाद अंतिम अंडर-19 जिला टीम की घोषणा की जाएगी। जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि चयन प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9399645345 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्वरा भास्कर के 'जौहर' संबंधी बयान पर हिंदू जागरण मंच ने जताया कड़ा विरोध



**राजनांदगांव (दावा)।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर द्वारा ऐतिहासिक 'जौहर' परंपरा को लेकर दिए गए कथित बयान पर हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। संगठन ने इस टिप्पणी को हिंदू समाज की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं के प्रति घोर असंवेदनशील बताते हुए इसकी तीव्र निंदा की है। मंच का स्पष्ट मत है कि जौहर जैसी ऐतिहासिक घटनाओं को उस दौर के सामाजिक और ऐतिहासिक संदर्भ से अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। हिंदू जागरण मंच ने कहा कि इतिहास में जौहर से जुड़ी घटनाएं उस कालखंड की गंभीर एवं विकट परिस्थितियों से जुड़ी थीं। ऐसे संवेदनशील विषयों पर कोई भी सार्वजनिक टिप्पणी करते समय तत्कालीन सामाजिक परिवेश, ऐतिहासिक विवशताओं और उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्यों को ध्यान में रखना अनिवार्य है। संगठन ने रेखांकित किया कि ऐतिहासिक धरोहर और बलिदानों को केवल राजनीतिक लाभ या वैचारिक दृष्टिकोण से आंकने के बजाय उनके व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना चाहिए। मंच ने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तियों से आग्रह किया कि वे धार्मिक और ऐतिहासिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते समय संवेदनशीलता और पूरी जिम्मेदारी का परिचय दें। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्डा ने इस कथित बयान पर गहरा रोष प्रकट करते हुए कहा कि संगठन लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण मर्यादाओं में रहकर अपना विरोध दर्ज कराएगा। उन्होंने दोहराया कि इतिहास और आस्था से जुड़े संवेदनशील विषयों पर अनावश्यक बयानबाजी से बचते हुए समाज को तथ्यपरक एवं जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

### बारिश रुकते ही बढ़ने लगी उमस, गर्मी ने किया बेहाल

**राजनांदगांव(दावा)।** जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बाद अब जैसे ही बारिश का दौर थमा है, उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहने के बावजूद वातावरण में नमी अधिक होने के कारण लोगों को तेज उमस का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहर के समय चिपचिपी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। बारिश के दौरान जहां मौसम सुहावना बना हुआ था और लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, वहीं बारिश रुकते ही वातावरण में नमी बढ़ गई है। सुबह से ही उमस का असर महसूस किया जा रहा है।

## पहला कॉलम...

### शिक्षक राष्ट्र निर्माण के प्रमुख स्तंभ आधार : प्रो. कृष्ण कुमार द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस एवं पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर नगर के प्रबुद्ध प्राध्यापक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने शिक्षकों की भूमिका और शिक्षा दर्शन पर अपने समसामयिक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अनादि काल से ज्ञान, सुशिक्षा और सदाचार के प्रमुख आधार स्तंभ रहे शिक्षकों को अपनी गौरवशाली परंपरा को सतत बनाए रखते हुए संस्कृति संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण के गुरुत्तर दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना होगा। प्राध्यापक द्विवेदी ने रेखांकित किया कि भारत की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और इसे 'विश्वगुरु' के सर्वोच्च पद पर स्थापित करने का श्रेय हमारी उत्कृष्ट शिक्षक-शिष्य परंपरा को जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षण का मूल उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सर्वांगीण ज्ञान और उच्च नैतिक मूल्यों से युक्त ऐसे राष्ट्रधर्मी नागरिक बनाना है, जो हर परिस्थिति में राष्ट्ररक्षा और संस्कृति-संवर्धन की मुख्यधारा में सक्रिय योगदान दे सकें। उन्होंने वर्तमान शिक्षक और शिक्षार्थी वर्ग से आह्वान किया कि वे देश के आदर्श शिक्षकों के जीवंत उदाहरण डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के शिक्षा दर्शन एवं उनके जीवन मूल्यों को अपने आचरण में उतारें। उन्होंने कहा कि समर्पण भाव से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सिद्ध करना ही शिक्षक दिवस की सच्ची सार्थकता होगी।

# डॉ. राधाकृष्णन ने भारत की बौद्धिक विरासत को विश्व पटल पर स्थापित किया : अशोक चौधरी



**राजनांदगांव (दावा)।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा नेता एवं रॉयल किड्स कॉन्वेंट के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को डॉ. राधाकृष्णन की जयंती को ही शिक्षक दिवस के रूप में क्यों चुना गया और कैसे उन्होंने भारतीय दर्शन को वैश्विक पहचान दिलाई।

### महात्मा गांधी की प्रेरणा से वैश्विक मंच पर रखा भारतीय दर्शन

अशोक चौधरी ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का संपूर्ण जीवन एक आदर्श शिक्षक की भांति ज्ञान के प्रसार में बीता। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में भारत के बौद्धिक स्तर को दुनिया के सामने सशक्त रूप से रखने में उनकी भूमिका अद्वितीय रही। उन्होंने बताया कि भारत की समृद्ध विचार परंपरा को विश्व पटल पर ले जाने की प्रेरणा उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली थी। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता श्रीमद्भगवद्गीता के दर्शन से ऊर्जा पाते थे। जब डॉ. राधाकृष्णन ने गीता पर आधारित अपनी पुस्तक बापू को भेंट की, तब गांधी जी ने उसका अध्ययन कर कहा था कि स्वाधीनता संग्राम को वैचारिक व बौद्धिक मजबूती देने के लिए विश्व के अनेक देशों में उनकी उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। श्री चौधरी ने ऐतिहासिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि जिस शिकागो धर्म सभा के मंच से स्वामी विवेकानंद ने भारतीय अध्यात्म का शंखनाद किया था, उसी मंच पर दशकों बाद डॉ. राधाकृष्णन ने भी सनातन परंपरा और श्रीमद्भगवद्गीता के गूढ़ दर्शन पर ओजस्वी व्याख्यान दिया। उनके चिंतन से प्रभावित होकर उस दौर के प्रख्यात संपादक हेनरी जेम्स ने हर्बर्ट जर्नल के संपादकीय में लिखा था कि भारत की बौद्धिक परंपरा पाश्चात्य चिंतन से कहीं अधिक समृद्ध और आगे है। जेम्स ने यह भी माना था कि भले ही ब्रिटेन का भारत पर शासन हो, लेकिन भारत की बौद्धिक संपदा पूर्णतः स्वतंत्र है। मुगलों और अंग्रेजों के लंबे शासनकाल के बावजूद भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना अक्षुण्ण रही।

उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन के आजीवन शैक्षणिक व बौद्धिक समर्पण के सम्मान में ही 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई। इसके अलावा आजादी की लड़ाई में आम जनमानस को जागृत करने वाले अधिकांश प्रबुद्धजन शिक्षक ही थे। जिन्होंने अध्यापन के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाई। शिक्षक दिवस ऐसे सभी गुरुओं और शिक्षकों के प्रति आदर, सम्मान व कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है।

# रानी सागर के पास स्थापित होगी रानी सूर्यमुखी देवी की प्रतिमा, राजगामी अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने दी सहमति



**राजनांदगांव (दावा)।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर साहू जूस सेंटर, मुक्तिबोध स्मारक परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा रानी सागर के समीप राजनांदगांव की पूर्व महारानी रानी सूर्यमुखी देवी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी गई, जिस पर अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने अतिशीघ्र प्रतिमा स्थापना के लिए अपनी सहमति प्रदान की। समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पूर्वजों के नाम पर नीम, आंवला और शीशम के फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। उपस्थित जनों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और हरियाली के विस्तार का संकल्प लिया। इस अवसर पर राकेश इंदुभूषण ठाकुर, अमलेन्दु हाजरा, शीतला मंदिर के पुजारी राज दुबे महाराज, ढीमर समाज के पूर्व अध्यक्ष लतखोर ढीमर, संदीप भट्टाचार्य, दीपक वर्मा, घुरू महाराज, चंद्रनाथ दुबे, अंकित दुबे, रवि प्रसाद, मोहन निषाद तथा जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

नागपुर मंडल में अतिरिक्त लूप लाइन हेतु ई-निविदा

**निविदा सूचना क्र.:** EL-G-E-OT-26-27-25
दिनांक: 27.08.2026
**कार्य का नाम:** विद्युत कार्य - नागपुर मंडल में निम्नलिखित स्टेशनों कर अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान - (A) गंगाझरी स्टेशन (B) परमलकसा स्टेशन। (C) डुमरीखुर्द स्टेशन।
**निविदा मूल्य:** ₹ 29,71,688/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 59,400/-,
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक 14.09.2026 से 28.09.2026 के 15:00 बजे तक जमा करें।
**निविदा खोलना:** दिनांक 28.09.2026 को 15:00 बजे।
अधिक जानकारी के लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज़ देखें / डाउनलोड करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर

AIM/42-107

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल 'दावा'

**"शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें।**

## नेपाल, नाजुक पारिस्थितिकी का शिकार

नाजुक पारिस्थितिकी का शिकार ग्लेशियर के टूटने से नेपाल में आई भयानक बाढ़ एक दुखद विडंबना पेश करती है। हिमालय का यह छोटा सा देश ग्लोबल वार्मिंग की बहुत बड़ी कीमत चुका रहा है, जबकि इस संकट में उसका योगदान बहुत कम है। अपनी नाजुक इकोलॉजी के कारण यह प्राकृतिक आपदाओं के प्रति बहुत संवेदनशील है, और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन व मानवीय गतिविधियों से पैदा हुए जलवायु परिवर्तन के संकट ने स्थिति को और खराब कर दिया है। यह तब है जब नेपाल वैश्विक उत्सर्जन का 0.1त्न से भी कम हिस्सा पैदा करता है। 26 अगस्त की बाढ़ ने मौत और तबाही का मंज़र छोड़ा है; लापता लोगों की तलाश जारी है और मरने वालों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। अनुमान है कि आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे इस देश को पुनर्निर्माण के लिए 4-5 अरब डॉलर की ज़रूरत होगी। यह राशि देश की उस अर्थव्यवस्था के दसवें हिस्से के बराबर है जो रेमिटेंस (विदेशों से भेजी जाने वाली रकम) और पर्यटन पर निर्भर है। भारत और चीन जैसे देशों की मदद के बिना, यह देश इस तबाही से उबर नहीं सकता। जलवायु परिवर्तन पूरे हिमालय में ग्लेशियरों, पर्माफ्रॉस्ट और ग्लेशियल झीलों की भू-संरचना को बदल रहा है, जिससे संभावित %टिकिंग टाइम बम% (कभी भी फटने वाले खतरे) बन रहे हैं। इस ताज़ा त्रासदी ने इतने बड़े पैमाने के संकटों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की ज़रूरत को रेखांकित किया है। भारत, चीन और अन्य देशों को अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और आपदा-निगरानी एजेंसियों के साथ मिलकर स्थायी साझेदार बनना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक प्रभावशाली लेख में बताया कि कैसे नेपाल की बाढ़ हिमालयी एशिया की नाज़ुक और आपस में जुड़ी इकोलॉजिकल सच्चाई की एक भयानक याद दिलाती है। उन्होंने भारत, नेपाल और चीन के बीच एक संस्थागत त्रिपक्षीय तंत्र बनाने का आह्वान किया, जो विशेष रूप से इकोलॉजिकल सुरक्षा, रियल-टाइम हाइड्रोलॉजिकल जानकारी साझा करने और जलवायु अनुकूलन के संयुक्त प्रयासों के लिए समर्पित हो।

यह तर्क देते हुए कि ऐसे संस्थागत ढांचे को तैयार करने के लिए इकोलॉजिकल पारदर्शिता के मामले में क्षेत्र के ऐतिहासिक रिकॉर्ड का स्पष्ट मूल्यांकन ज़रूरी है, उन्होंने सही कहा कि हिमालय में ऊपरी और निचले बहाव वाले देशों के बीच सहयोग ऐतिहासिक रूप से असमान, प्रतिक्रियाशील और राष्ट्रीय सुरक्षा की गोपनीयता से बाधित रहा है। भारत और नेपाल दोनों ने चीन द्वारा साझा किए गए हाइड्रोलॉजिकल और जियोलॉजिकल डेटा की गुणवत्ता, आवृत्ति और समयबद्धता पर बार-बार असंतोष व्यक्त किया है। बाढ़ से बढ़ती मौतों की संख्या इस क्षेत्र की अनिश्चितता की एक गंभीर याद दिलाती है।

ब्रांड की याद और पसंद यह रेखांकित करता है कि कैसे ऊंचाई वाले इलाकों में हुई गड़बड़ी तेज़ी से निचले इलाकों में तबाही का रूप ले सकती है। भूस्खलन, हिमस्खलन और अनियमित बारिश से सिलसिलेवार घटनाएं शुरू हो सकती हैं। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट समेत कई स्टडीज़ में तेज़ी से गर्म हो रहे हिमालय में ग्लेशियरों के पीछे हटने की बात कही गई है। पिघला हुआ पानी ग्लेशियल झीलों में जमा हो जाता है, जो अचानक फट सकती हैं और भारी मात्रा में पानी और मलबा संकरी घाटियों में नीचे की ओर भेज सकती हैं। पिछले कुछ सालों में, मॉनसून के मौसम में हाइड्रोलॉजिकल डेटा शेयर करने के मामले में बीजिंग का रवैया ज़्यादातर लेन-देन वाले, द्विपक्षीय रूश पर आधारित रहा है, न कि ऑटोमैटिक, ओपन-डेटा कमिटमेंट्स पर। नदी के बहाव की दिशा में नीचे की ओर बसे देशों को अक्सर अहम मौकों पर अंधेरे में रखा गया है। यहां तक कि भारत और नेपाल के बीच मौजूदा द्विपक्षीय सिस्टम भी अक्सर दूर-दराज़ के ऊंचे इलाकों में अपर्याप्त उपकरणों और एक इंटीग्रेटेड अर्ली-वॉर्निंग सिस्टम की कमी से जूझते रहे हैं।

## सामयिक चर्चा

### सत्ता का अहंकार

बानी बोले-''गजाधर!
आज आपको सुनाने लायक है
एक बस यही खबर-छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में
मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के पीए
ओमप्रकाश राजवाड़े के क्रोध इस कदर बढ़े भैया!
कि उन्होंने टोलकर्मी महेन्द्र राजवाड़े को
तड़ातड़ पॉच थप्पड़ जड़े।
हुआ ऐसा गजाधर! कि तीन सितम्बर की रात
मंत्री जी का काफिला लहपटरा टोल प्लाजा से गुजरा।
इस दौरान काफिले का पहला वाहन
टोल क्रास कर गया, लेकिन दूसरी गाड़ी के ऊपर
टोल बेरियर का बूम गिर गया।
इस पर पीए साहब तमतमा गए। गाड़ी से उतर कर, नीचे आ गए।
टोल कर्मचारी पर गाली-गलौज किया।
और थप्पड़ पर थप्पड़ जड़ दिया।
टोलकर्मी हाथजोड़ कर क्षमा याचना करता रहा।
पर इसका जरा भी असर पीए पर न पड़ा
तो गजाधर! इस पर आप
क्या प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
इसे तो हम बस,
चार दिनिया सत्ता का अहंकार कहेंगे।''
**शुक्रवार 4 सितम्बर 2026**



**गिरीश बख्शी**

## शिक्षक गढ़ते कल का भारत

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**



शिक्षक नियति-निर्माता होते हैं। करोड़ों विद्यार्थियों के जीवन में विद्या, कौशल, नैतिकता और प्रेरणा का संचार करने वाले शिक्षकों के प्रति सभी देशवासियों की ओर से, 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर, मैं कृतज्ञता व्यक्त करती हूं।

यह सर्वविदित है कि हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन चाहते थे कि उनका जन्मदिन 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाए। वे विश्वविख्यात विद्वान, लेखक और स्टेट्समैन थे, लेकिन शिक्षक की भूमिका को उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण माना। अत्यंत लोकप्रिय पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से एक बार पूछा गया कि उन्हें लोग एक वैज्ञानिक के रूप में याद करेंगे या राष्ट्रपति के रूप में। कलाम साहब ने उत्तर दिया कि वे चाहेंगे कि उन्हें एक शिक्षक के रूप में याद किया जाए।

शिक्षक श्रद्धेय हों और विद्यार्थी श्रद्धालु हों, यही हमारा आदर्श रहा है। हमारे प्राचीन ग्रन्थों में कहा गया है कि शिक्षक विद्यार्थियों से अपनी संतान की तरह प्यार करें, उनसे भेदभाव रहित समानता का व्यवहार करें, उन पर क्रोध न करें, धैर्यवान हों, विद्यार्थियों के कल्याण पर दृष्टि केन्द्रित रखें तथा उनकी ग्रहणशक्ति के अनुसार शिक्षा प्रदान करें। ऐसे शिक्षकों के प्रति सम्मान के भाव से ही लगभग तीन हजार वर्ष पहले, तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में 'आचार्यदेवो भव' का संदेश दिया गया है।

सौभाग्य से अपने विद्यार्थी जीवन में मुझे बहुत अच्छे और स्नेही शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलता रहा। हमारी टीचर्स, स्कूल की छुट्टी के बाद भी, कभी-कभी अपने घर में ही हमें पढ़ाती थीं और हमारी देख-भाल भी करती थीं। सातवीं कक्षा के बाद, अपने गांव से बाहर जाकर पढ़ाई करने वाली मैं पहली छात्रा थी। आगे की पढ़ाई के दौरान भुवनेश्वर में भी, मुझे शिक्षकों का भरपूर स्नेह और मार्गदर्शन मिलता रहा। अपने शिक्षकों का विनम्रतापूर्वक उल्लेख मैंने यह बताने के लिए किया है कि स्नेही और समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों में असीम क्षमता और प्रेरणा का संचार करते हैं। इससे शक्ति पाकर, विद्यार्थियों में किसी भी चुनौती का सामना करने का साहस और बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने का उत्साह बना रहता है। मैं मानती हूं कि शिक्षक पाठ्यक्रम तो पढ़ाते ही हैं, अपनी गतिविधियों से, विद्यार्थियों को जीने की कला भी सिखाते हैं। इस प्रकार, शिक्षक अपने विद्यार्थियों के मार्गदर्शक तो होते ही हैं, उनके शुभचिंतक, मित्र और सहयात्री भी होते हैं। श्रेष्ठ शिक्षक की विशेषता के बारे में हमारी संस्कृति एवं परंपरा में प्राचीन काल से चले आ रहे विचार आज भी पूर्णतः प्रासंगिक हैं। सदियों पहले, अपने नाटक 'मालविकाग्निमित्रम्' में महाकवि कालिदास कहते हैं कि जिस अध्यापक में प्रचुर ज्ञान हो तथा उस ज्ञान को समझाने की क्षमता भी हो, वही अच्छा शिक्षक होता है। शिक्षा प्रदान करने का कार्य केवल शिक्षकों तक ही सीमित नहीं होता है। प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जो अपने आचरण और उपलब्धियों से बच्चों के लिए 'रोल मॉडल' बनता है, वह भी शिक्षा और प्रेरणा का अमूल्य स्रोत होता है।

माता-पिता और अभिभावक बड़े विश्वास के साथ अपने बच्चों को शिक्षकों के पास भेजते हैं। वे यह मानकर चलते हैं कि शिक्षक अपनेपन की भावना से बच्चों की सुरक्षा और प्रगति पर ध्यान देंगे। इस पवित्र आस्था की रक्षा करना प्रत्येक शिक्षक का धर्म है। शिक्षक की भावना, आचरण और व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे बच्चों में भय और आशंका न उत्पन्न हो, उनका मनोबल न टूटे तथा उनमें हीन भावना न पैदा हो। अच्छे शिक्षक यह सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थी अपने सर्वोत्तम स्वरूप को प्राप्त कर सकें। विद्यार्थी को अच्छा व्यक्ति बनाना शिक्षक का पावन कर्तव्य है। नैतिकता के पथ पर चलते हुए समृद्धि और यश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक की सफलता के जीवंत प्रतिमान होते हैं।

हमारा देश सामाजिक समावेश के साथ विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। मैं चाहूंगी कि विकास यात्रा के इस क्रम में हमारे शिक्षकगण ऐसी पीढ़ियों का निर्माण करें जो हमारी संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझें, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मानवता के हित में कार्य करें, अंत्योदय के आदर्शों को आत्मसात करें, पर्यावरण और पशु-पक्षियों के संरक्षण में सक्रिय रहें, व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों में उत्कर्ष प्राप्त करें तथा 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से आगे बढ़ें। मेरा सभी देशवासियों से अनुरोध है कि वे निष्ठावान शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान की भावना रखें। मेरी कामना है कि समर्पित शिक्षकों के योगदान से भारत पढ़े और बहुत आगे बढ़े।

**(लेखक भारत की राष्ट्रपति हैं।)**

## "आज के आधुनिक परिवेश में शिक्षा का महत्व"

**थंगेश्वर कुमार साहू**



''शिक्षा वह दीपक है, जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के भविष्य को प्रकाशित करता है।'' आधुनिक युग विज्ञान, तकनीक, सूचना और तीव्र परिवर्तन का युग है। आज दुनिया पहले की तुलना में बहुत तेजी से बदल रही है। इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक, सोशल मीडिया, रोबोटिक्स और नई-नई वैज्ञानिक खोजों ने हमारे जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। ऐसे समय में शिक्षा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। शिक्षा केवल पढ़ना-लिखना या परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के ज्ञान, विवेक, चरित्र, कौशल, सोच और व्यवहार का विकास करने वाली सतत प्रक्रिया है। आधुनिक परिवेश में शिक्षा व्यक्ति को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने, सही निर्णय लेने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की क्षमता प्रदान करती है।



**आज शिक्षक दिवस पर विशेष (सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती)**

### शिक्षा का वास्तविक अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं है। वास्तविक शिक्षा वह है, जो व्यक्ति को सही और गलत में अंतर करना, तर्कपूर्ण ढंग से सोचना, समस्याओं का समाधान करना और मानव मूल्यों को समझना सिखाए। एक शिक्षित व्यक्ति केवल अपने लिए नहीं जीता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को भी समझता है। इसलिए शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, संवेदना, अनुशासन, नैतिकता और जिम्मेदारी का विकास करना भी है।

### आधुनिक युग में शिक्षा की आवश्यकता

आज का युग प्रतिस्पर्धा और परिवर्तन का युग है। रोजगार के क्षेत्र में नई तकनीकों के कारण लगातार नए अवसर और नई चुनौतियाँ उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में केवल पारंपरिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान के साथ डिजिटल साक्षरता, संचार कौशल, रचनात्मकता, समस्या-समाधान, आलोचनात्मक चिंतन और सहयोगात्मक कार्य जैसे कौशलों की भी आवश्यकता है। शिक्षा व्यक्ति को इन बदलती आवश्यकताओं के लिए तैयार करती है। वह उसे यह सिखाती है कि नई परिस्थितियों से घबराने के बजाय उन्हें समझकर उनका समाधान कैसे खोजा जाए।

### डिजिटल युग और शिक्षा

आधुनिक समय में शिक्षा और तकनीक का संबंध अत्यंत गहरा हो गया है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इंटरनेट, डिजिटल बोर्ड, ऑनलाइन पुस्तकालय, शैक्षणिक वीडियो और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म ने सीखने की प्रक्रिया को अधिक सरल और व्यापक बनाया है। आज विद्यार्थी अपने विद्यालय और कक्षा की सीमाओं से बाहर निकलकर दुनिया भर की जानकारी प्राप्त कर सकता है। किसी विषय को केवल पुस्तक पढ़कर समझने के बजाय वीडियो, चित्र, मॉडल, सिमुलेशन और डिजिटल गतिविधियों के माध्यम से भी समझा जा सकता है। हालाँकि तकनीक का उपयोग विवेकपूर्ण होना चाहिए। इंटरनेट पर उपलब्ध प्रत्येक जानकारी सही नहीं होती। इसलिए आधुनिक शिक्षा विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता और सूचना की सत्यता जाँचने की क्षमता विकसित करना भी आवश्यक बनाती है।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में शिक्षा

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात Artificial Intelligence तेजी से हमारे जीवन का हिस्सा बन रही है। आने वाले समय में अनेक पारंपरिक कार्यों का स्वरूप बदल सकता है। ऐसे में शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को निश्चित जानकारी याद करवाना नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें सोचने, प्रश्न पूछने, नई कल्पना करने और ज्ञान का रचनात्मक उपयोग करने के लिए तैयार करना चाहिए।

### शिक्षा और रोजगार

शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अच्छी शिक्षा व्यक्ति को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों के लिए तैयार करती है। आज केवल सरकारी नौकरी ही सफलता का एकमात्र मार्ग नहीं है। शिक्षा के माध्यम से युवा उद्यमिता, कृषि-आधारित व्यवसाय, तकनीकी क्षेत्र, डिजिटल सेवाएँ, शोध, कला, खेल और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते हैं। व्यावसायिक और कौशल-आधारित शिक्षा युवाओं को ''नौकरी खोजने वाला'' ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने की दिशा में भी प्रेरित कर सकती है।

### विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का संदेश

आधुनिक विद्यार्थी के सामने अवसर भी बहुत हैं और चुनौतियाँ भी। उसे केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक अपनी शिक्षा को सीमित नहीं करना चाहिए। उसे अपनी रुचि, क्षमता और प्रतिभा को पहचानकर निरंतर सीखते रहना चाहिए। उसे पुस्तकों के साथ-साथ प्रकृति, समाज, प्रयोगशाला, तकनीक और अपने अनुभवों से भी सीखना चाहिए। प्रश्न पूछना, असफलता से सीखना और नए विचारों को आजमाना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता

आज की शिक्षा को केवल रटने और परीक्षा-केंद्रित व्यवस्था से आगे ले जाने की आवश्यकता है। शिक्षा में-गतिविधि आधारित शिक्षण प्रयोग एवं प्रोजेक्ट आधारित सीखना स्थानीय परिवेश से जुड़ी शिक्षा द्रष्टञ्ज एवं डिजिटल संसाधनों का उपयोग कौशल आधारित शिक्षा कला, खेल और संस्कृति का समावेश जीवन कौशल एवं नैतिक शिक्षा पर्यावरणीय जागरूकता करियर मार्गदर्शन वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को उचित स्थान मिलना चाहिए।

### निष्कर्ष

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आधुनिक परिवेश में शिक्षा केवल आवश्यक नहीं, बल्कि व्यक्ति और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान देती है, विवेक प्रदान करती है, चरित्र का निर्माण करती है और उसे आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाती है। आज की शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो ज्ञान को कौशल से, तकनीक को मानवीय मूल्यों से और शिक्षा को जीवन से जोड़े। क्योंकि केवल डिग्री प्राप्त करना शिक्षा नहीं है; वास्तविक शिक्षा वह है जो व्यक्ति को बेहतर इंसान, जिम्मेदार नागरिक और समाज के लिए उपयोगी बनाती है।

शिक्षा से ज्ञान मिले और ज्ञान से मिले विवेक
विवेक से संस्कार और संस्कार से श्रेष्ठ समाज।
शिक्षा वह शक्ति है, जो व्यक्ति का भविष्य ही नहीं,
बल्कि पूरे राष्ट्र का भविष्य बदल सकती है।''

**(राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक)**

## सुखिया - "स्नेह की अनमोल धरोहर"

**"गजेंद्र बख्शी"**

कुछ लोग जीवन में बहुत साधन न होते हुए भी इतने समृद्ध होते हैं कि उनके सामने बड़े-बड़े वैभव फीके पड़ जाते हैं। सुखिया भी ऐसी ही एक साधारण, किंतु असाधारण स्त्री है।

प्रकृति ने उस पर मानो विशेष कृपा की है। जीवन के अस्सीवें वर्ष की ओर बढ़ते हुए भी उसकी काया स्वस्थ और सुदृढ़ है। उसे चलने-फिरने के लिए किसी सहारे की आवश्यकता नहीं। उससे भी बड़ी बात यह है कि उसे किसी की दया या मुफ्त की सहानुभूति की अपेक्षा नहीं है। वही सुखिया दाई जो अब तक तीन हजार नवजात शिशु और उनकी माताओं की सेवा कर चुकी है, इस सेवा का स्नेह समय-समय पर उसे मिलते रहता है। वह पहले भी खुद्दार थी और आज भी उसके व्यक्तित्व में वही स्वाभिमान जीवित है। समय के साथ बच्चे बड़े हुए, अपने-अपने परिवार बने और वे अपने जीवन की व्यस्तताओं में रम गए। घर के किसी कोने में सुखिया का छोटा-सा बसेरा है। किसी बच्चे की रसोई से भोजन आ जाए तो उसी में संतोष कर लेती है।

न कोई शिकायत, न कोई उलाहना,
न किसी से कोई बड़ी अपेक्षा।

बस जीवन को जैसे है, वैसे ही स्वीकार कर लेने की अद्भुत शक्ति उसके भीतर है। उस दिन मेरी मुलाकात सुखिया से हुई। रक्षाबंधन आने में दो दिन शेष थे। मैंने आत्मीयता से उसे अपने घर आने का निमंत्रण दिया। उसने मेरी बात सुनी, मुस्कराई और इशारे में ही उसे टाल दिया।

मैंने भी सोचा कि शायद वह नहीं आ पाएगी।

लेकिन मैं सुखिया के स्नेह और उसके संस्कारों को ठीक से समझ नहीं पाया था। रक्षाबंधन का पावन दिन आया। मैं अपने घर पर था कि



अचानक सुखिया मेरे निवास पर आ पहुँची। उसके हाथ में एक छोटी-सी पोटली थी।

उसने पोटली खोली। उसमें राखी थी, और श्रीफल था।

वह मेरी कलाई पर राखी बाँधने की तैयारी करने लगी। तभी श्रीमती जी ने उसे रोककर पूजा की थाली सजा दी। वह दृश्य मेरे लिए किसी साधारण पर्व का दृश्य नहीं था। सुखिया की आँखों में अपनापन था, उसके व्यवहार में श्रद्धा थी और उसके हाथों में रिश्तों की पवित्रता। उसके द्वारा दिया गया, श्रीफल मेरे लिए किसी बड़े सम्मान या बहुमूल्य उपहार से कम नहीं था।

उसके प्रेम में कोई प्रदर्शन नहीं था।
उसके स्नेह में कोई स्वार्थ नहीं था।
उसके आदर में कहीं भी दर्प का लेशमात्र स्थान नहीं था।

भावों की ऐसी ऊँचाई देखकर मेरा मन भीतर तक द्रवित हो उठा।

जब वह आदरपूर्वक झुकने लगी तो मैं स्वयं को रोक नहीं पाया। मैंने तुरंत उसका हाथ पकड़ लिया और झुककर उसके चरण स्पर्श किए।

वह कुछ क्षण मेरी ओर देखती रही।
उसकी आँखों में कृतज्ञता थी।
फिर उसने मेरे सिर पर अपना हाथ फेर दिया।

उस स्पर्श में एक माँ का स्नेह था, एक बहन का अपनापन था और एक बुजुर्ग का निर्मल आशीर्वाद।

मानो वह बिना शब्दों के कह रही हो,
''तुम्हारे जीवन में सारी खुशियाँ आएँ।''

मैंने सगुन के कुछ रुपये भेंट करना चाहा वह अंततः मना करती रहीं।

कुछ देर बाद उसके सामने मिठाइयों से भरी थाली रखी गई। उसने केवल एक टुकड़ा चखा और शेष मिठाइयाँ अपनी पोटली में बाँधने लगी।

मैंने उत्सुकतावश पूछा,
''सुखिया, ये मिठाई कहाँ ले जा रही हो?''वह सहज भाव से बोली-
''अपने नाती-पोतों के लिए रख रही हूँ।''

उसके इस छोटे-से उत्तर में भी कितना बड़ा संसार समाया हुआ था!

स्वयं के लिए बहुत कम चाहना और अपनों के लिए सब कुछ सहेज लेना, यही तो प्रेम का सबसे सुंदर रूप है।

उस दिन सुखिया मेरे घर से चली गई, लेकिन अपने पीछे एक ऐसी अनुभूति छोड़ गई, जो लंबे समय तक मेरे मन में जीवित रहेगी।

आज के समय में, जब रिश्तों को अक्सर स्वार्थ और अपेक्षाओं की कसौटी पर तौला जाने लगा है, सुखिया जैसे लोग यह याद दिलाते हैं कि प्रेम का वास्तविक सौंदर्य निस्वार्थता में है। उसके पास धन नहीं है, वैभव नहीं है, बड़ी सुविधाएँ नहीं हैं, लेकिन उसके पास जो है, वह किसी भी संपत्ति से अधिक मूल्यवान है, निश्छल प्रेम, स्वाभिमान, संस्कार और आत्मीयता से भरा हृदय। सुखिया सचमुच एक व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन का एक सुंदर पाठ है। वह सिखाती है कि उम्र शरीर की होती है, मन की नहीं।

वह बताती है कि अभावों में भी स्वाभिमान के साथ जिया जा सकता है। सबसे बढ़कर, वह यह समझाती है कि, मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति धन नहीं, बल्कि उसके भीतर बसने वाला प्रेम है।

## कविता

### मंजिल यूँ ही तो मिली न होगी किसी को

मंजिल यूँ ही तो मिली न होगी किसी को,
चढ़ी होंगी अंगारो भरी अनगिनत सीढ़ीयाँ,
पाँवों में पड़े होंगे उसके भी छाले,
फिर भी बढ़े होंगे राहों में हौसलों की उजली किरणें ले।
ध्रुवतारा यूँ ही न चमकता
दूर आसमान के आँगन में,
सहा होगा उसने तिरस्कार कभी जब,
तपकर पाया अचल स्थान नील गगन में।
मंज़िल यूँ ही तो मिली न होगी किसी को,
कितनी रातें जागी होंगी, कितनी नींदें त्यागी होंगी,
कितने उपहास सहे होंगे, फिर मुस्कुरा चल पड़े होंगे
आँखों में सजो उस मंजिल का सपना।
जो डटे रहे इन तूफान भरी राहों में,
वही उस शिखर को छू पाता है
तेज आँधी मे जो खड़े रहे अडिग
वही प्रकाशमान दीपक बन जगमगाता है।
मंज़िल यूँ ही तो मिली न होगी किसी को,
कुछ खोया होगा, कुछ पाया होगा,
सावन कि बरसात से होकर ही तो
बसंत का मौसम आया होगा।



**श्रीमती रेशमी साहू**
**व्याख्याता**
**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा**
**विकासखंड डोंड़ीलोहारा, जिला बालोद**



## कविता

### गुरू सऊहत भगवान

गुरू समान दाता नही, याचक शिष्य समान।
तीन लोक के सम्पदा, सतगुरू दीन्हे दान।
गुरू सऊहत भगवान।।
गुरू कहाथे विद्या के दाता, बिगड़े भाग्य बनाथे।
मुरख ल ज्ञानी बनाके, आसा नवा जगाथे।
गुरू के संग मनखे ल, सही मारग मिल जाथे।
सही गलत ल गुरू परखाथे, जीवन धन्य बनाथे।
बने आचरण सीखा के हमला, देथे अक्षर ज्ञान,
गुरू सऊहत भगवान।।
गुरू बीना ज्ञान अधुरा, गुरू बीना पछताथे।
गुरू अऊ सड़क एक समान, मंजिल उही पहुचाथे।
गुरू ले ज्ञान पूरा होथे, गुरू देथे परकास।
उपर ले गुरू चांटा मारे, भीतर दे सहारा हाथ।
क ख ग म पढ़ा लिखा के, बना देथे महान,
गुरू सऊहत भगवान।।
गुरू हे ब्रम्हा, गुरू हे विष्णु, गुरू महेश समान।
शिश कटे अऊ गुरू मिले, तभो ले सस्ता जान।
गुरू के कभु निन्दा झन करव, सदा करव सम्मान।
गुरू देवाथे मोक्ष पदल, कबीरा के बातल मान।
गुरू सऊहत भगवान।।



**आनंदराम सार्वा**
**अनंत**
**कु.बो.भाठागांव**

## राशिफल

**मेष**
मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। काम करने में कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आप किसी कलीग की मदद से पूरा कर लेंगे। आज आप अपने मन की कोई बात माता जी से शेयर करेंगे, जिससे आपके आपको रिलैक्स महसूस करेंगे। लवमेट की फोन पर देर तक बात होगी।

**वृष राशि**
वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको संतान की तरफ से कोई खुश खबरी मिलेगी। साथ ही आप उनके करियर को और बेहतर बनाने के लिए गुरु विचार-विमर्श करेंगे। आज आप अपना कोई पुराना लेन देन चुकता कर देंगे आपको राहत मिलेगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों की तलाश पूरी होगी, अच्छी जगह से जॉब का प्रस्ताव आयेगा।

**मिथुन**
मिथुन राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको धैर्य से काम करने की जरूरत है। कुछ लोग आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी बुद्धिमत्ता के आगे उनका कोई जोर नहीं चलेगा। स्टूडेंट्स के करियर में आ रही रुकावटों का आज समाधान मिल सकता है। कार्य स्थल पर अपनी काबिलीयत दिखाने का आज अच्छा मौका है।

**कर्क**
कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके बिजनेस में किये गये बदलाव से आपको अच्छी इनकम होगी। आज आपको उधार के लेन देन को अवॉयड करने की जरूरत है। आज आपकी किसी बात से आपके जीवनसाथी बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी से बात करते समय आपको सोच समझ कर बोलने की आवश्यकता है।

**सिंह**
सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में जीत मिलेगी, घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज अपने ईगो को छोड़कर दूसरों की सलाह पर अमल करने की जरूरत है। दाम्पत्य जीवन में सौहार्द बना रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। ऑफिस के रुके हुए कार्यों को समय से पूरा कर लेंगे।

**कन्या**
कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको इनकम का नया सोर्स मिलेगा लेकिन साथ ही आपके खर्चों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। आज कहीं जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आगे चलकर आपकी अच्छी दोस्ती हो सकती है। आज आपके परिवार में चल रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**तुला**
तुला राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज ससुराल पक्ष से कोई खुशखबरी मिल सकती है, जिससे पूरे दिन आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी। आज आपकी मेहनत करने की क्षमता को देखकर माता पिता आप पर गर्व महसूस करेंगे। आज किसी खास रिश्तेदार के आगमन से घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। सोशल मीडिया पर आपका ज्यादा समय व्यतीत होगा।

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी मित्र की उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे। आज किसी कोर्ट केस में जीत हासिल होने से पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। घर में डेकोरेशन का काम करवाने का विचार बनायेंगे, जीवनसाथी से राय लेंगे। बिजनेसमैन आज आप किसी बड़े प्रोडक्ट की फेंचाइजी लेने का मन बनायेंगे।

**धनु**
धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप बेवजह की भाग दौड़ को अवॉयड करेंगे और अपने काम को पूरी एकाग्रता से करेंगे। आज घर में बेटी की बड़ी तरक्की से परिवार का माहौल खुशी से भरा रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। आज बिजनेस में कई तरह की गतिविधियों पर काम शुरू होगा, मेहनत के मुताबिक जल्द ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे।

**मकर**
मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छे व्यवहार बना कर रखें, जिससे किसी जरूरी काम में आपको हर संभव मदद मिलती रहे। परिवार में किसी नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल बना रहेगा। स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। आज के दिन आपको अलग-अलग रास्तों से फायदा मिलने की उम्मीद है।

**कुंभ**
कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बना हुआ है। कामकाज में आज आपको गोपनीयता बनाकर रखने की जरूरत है।

**मीन**
मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के आने से आपकी डेली रूटीन में कुछ बदलाव हो सकता है, लेकिन साथ ही घरवालों में उल्लास भी बना रहेगा। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। लवमेट आज आपको रिंग गिफ्ट कर सकते हैं।

# भाजपा संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का कार्यकर्ता- जगन्नाथ पाणिग्रही

## चार मंडलों की संगठनात्मक बैठक संपन्न, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

डोंगरगढ़(दावा)। भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक डोंगरगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण मंडल, घुमका एवं तिलई मंडल के मंडल प्रभारी, सह - प्रभारी, अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक मे मार्गदर्शन संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने किया। कोमल सिंह राजपूत की अध्यक्षता मे बैठक आहूत की गई ।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती,जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला संगठन प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, डोंगरगढ मंडल प्रभारी जितेन्द्र साहू, मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, विनोद खांडेकर,जिला महामंत्री सौरभ कोठारी,डीकेश साहू डोंगरगढ़ मंडल के सहप्रभारी किशुन यदु, तिलई मंडल प्रभारी रवि सिन्हा, घुमका मंडल प्रभारी अमर लालवानी उपस्थित थे। बैठक में शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी द्वारा संचालित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। मंडल वार कार्यों की समीक्षा करते हुए बूथों को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### भाजपा की असली ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है - जगन्नाथ पाणिग्रही

संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा, भाजपा की असली ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। जब बूथ मजबूत होगा, तभी संगठन और अधिक मजबूत होगा। प्रत्येक पदाधिकारी अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाते हुए संगठन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि संगठन केवल चुनाव के समय सक्रिय रहने वाला तंत्र नहीं, बल्कि निरंतर जनसंपर्क और सेवा के माध्यम से समाज के साथ जुड़ा रहने वाला संगठन है। कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करना चाहिए।

### इस बार मां बम्बलेश्वरी की पावन भूमि मे कमल खिलाना है - कोमल सिंह राजपूत

भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि विगत 10 वर्षो से डोंगरगढ मे कांग्रेस का विधायक है, इस बार मां बम्बलेश्वरी की पावन भूमि मे कमल खिलाना है, इसलिए 2 वर्ष पूर्व से संगठन क्रियाशील होकर कार्य कर रहा है, उन्होने कहा कि ÷शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता संगठन की मजबूती का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। मंडल के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए पूरी टीम प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है जिला प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने कहा, संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व को समयबद्ध तरीके से पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भाजपा के संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाया जाएगा।÷ बैठक का सफल संचालन सत्य प्रकाश मिश्रा ने किया । बैठक मे प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, किरण बारले,हरविंदर मगे, महेंद्र अग्रवाल, प्रकाश चौरडिया, भाजपा जिला सचिव जैन कुमार मेश्राम, कुलवंत कक्कड़, सुरेंद्र सिंह बनोआना, प्रदीप बाघ, एल्डरमैन लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, जसमीत सिंह बनोआना, अमित जैन विजेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सोनी, अनिल सिंह, राकेश साहू, जितेंद्र गायकवाड आदि उपस्थित थे।

बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने अपने-अपने मंडलों में शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किए गए कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की। आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।बैठक में डोंगरगढ़, घुमका एवं थिलई मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक तथा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### पंचायतों में पानी टैंकर सप्लाई के नाम पर लाखों के कमीशन का खेल, कार्य एजेंसियों की बढ़ीं मुश्किलें

**0 15वें वित्त की राशि से 1.35 लाख का टैंकर ढाई लाख में कराया सप्लाई, जेम पोर्टल के जरिए हुआ भुगतान**

**0 धनडोंगरी-खल्लारी में चार पहिया टैंकर 2.45 लाख में, तो अछोली समेत अन्य पंचायतों में दो पहिया टैंकर 2.50 लाख में खरीदा**

**0 स्थानीय विक्रेताओं को दरकिनार कर भिलाई की सोलर फर्म से कृषि टैंकर क्रय, भंडार क्रय नियमों के उल्लंघन की होगी शिकायत**



डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों में पानी टैंकर सप्लाई के नाम पर जिला पंचायत सदस्यों और पंचायत प्रशासन द्वारा लाखों रुपये के कमीशन का बड़ा खेल खेले जाने का मामला उजागर हुआ है। बाजार में जिस 2500 से 5000 लीटर क्षमता वाले पानी टैंकर की अधिकतम कीमत करीब 1.30 से 1.35 लाख रुपये है, उसी टैंकर के लिए पंचायतों से 15वें वित्त आयोग की राशि से ढाई लाख रुपये तक का भारी-भरकम भुगतान कराया गया है। इस वित्तीय अनियमितता में डोंगरगढ़, राजनांदगांव या दुर्ग के स्थानीय कृषि यंत्र विक्रेताओं को नजरअंदाज कर भिलाई की एक सोलर फर्म से दोगुनी कीमत पर खरीदी कराई गई, जो छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियमों का खुला उल्लंघन माना जा रहा है।

#### चार चक्का टैंकर सस्ता, दो चक्का टैंकर महंगा!

सामग्री खरीदी में दरों का विरोधाभास भी चौंकाने वाला है। विकासखंड के ग्राम धनडोंगरी एवं खल्लारी में चार पहिया (डबल एक्सल) पानी टैंकर की आपूर्ति 2,45,000 रुपये में की गई। वहीं दूसरी ओर, ग्राम पंचायत अछोली, सलोनी, तोतलभरी, प्लांदुर, पिपरखार एवं मोहनपुर जैसी पंचायतों में उससे भी निम्न स्तर के मात्र दो पहिया (सिंगल एक्सल) 2500 लीटर क्षमता वाले टैंकर की सप्लाई कर प्रत्येक पंचायत से पूरे 2.50 लाख रुपये का भुगतान जेम पोर्टल के माध्यम से करवा लिया गया।

#### सोलर फर्म से कृषि टैंकर की खरीदी पर उठे सवाल

शासकीय जेम पोर्टल और विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, उक्त पंचायतों द्वारा भिलाई स्थित 'मेसर्स सिटी सोलर' नामक फर्म से शिवशक्ति एग्रो का 2500 लीटर क्षमता वाला वाटर टैंकर क्रय किया गया और 2.50 लाख रुपये का बिल जारी कराया गया। जानकारों के अनुसार खुले बाजार में 2500 लीटर के सिंगल एक्सल टैंकर की कीमत महज 1.30 लाख रुपये के आसपास है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब स्थानीय बाजार में अधिकृत कृषि उपकरण निर्माता व विक्रेता मौजूद थे, तब भिलाई की एक सोलर उपकरण विक्रेता फर्म से लगभग दोगुनी कीमत पर कृषि टैंकर खरीदने का औचित्य क्या था?

#### जांच की तैयारी, कार्य एजेंसी ग्राम पंचायतों की बढ़ेगी मुसीबत

टैंकर की बॉडी पर अपना नाम लिखवाकर विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों और पंचायतों का यह गठजोड़ अब चौतरफा विरोध के घेरे में आ गया है। प्रशासनिक स्वीकृति, जेम पोर्टल के बिलों और क्रय नियमों की शर्तों से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर इस पूरे मामले की उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत करने की तैयारी की जा रही है। जांच शुरू होने पर सामग्री क्रय करने वाली कार्य एजेंसी ग्राम पंचायतों के सचिवों और जिम्मेदारों की मुसीबतें बढ़ना तय माना जा रहा है।

### सांसद ने राजगामी संपदा न्यास से सभी आयोजक समितियों को आर्थिक सहयोग राशि उपलब्ध कराई - डॉ पन्नालाल बाफना

डोंगरगढ़(दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय का डोंगरगढ़ के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली गोविंद उत्सव के सुचारू व भव्य आयोजन हेतु सभी आयोजक समितियों को राजगामी संपदा न्यास से आर्थिक सहयोग राशि उपलब्ध कराने पर सहृदय बहुत-बहुत आभार एवं कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। व्हाट इस द चिकित्सक व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बाफना ने स्थानीय उत्सवों के लिए निरंतर समर्पित रहने पर सांसद श्री पांडे का जोरदार व धमाकेदार अभिनंदन किया है। गोविंद उत्सव की पूरी आयोजन समिति एवं नगरवासियों की ओर से आपका पुनः हृदय से आभार जताया गया है।

## भानपुरी समिति में प्राधिकृत अधिकारी कन्हैया वर्मा की नियुक्ति पर भड़के किसान

**नियुक्ति निरस्त करने की मांग, प्रशासन को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा सहकारी समिति मुसराकला (पंजीयन क्रमांक 1068) के अंतर्गत आने वाली भानपुरी उपसमिति में प्राधिकृत अधिकारी की प्रस्तावित नियुक्ति को लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश फूट पड़ा है। दर्जनों किसानों ने एकजुट होकर प्रस्तावित नियुक्ति का कड़ा विरोध करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग उठाई है। इस संबंध में किसानों ने उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपकर किसी निष्पक्ष और योग्य व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपने की गुहार लगाई है।

किसानों ने अपनी शिकायत की प्रतिलिपि उपआयुक्त सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल को भी प्रेषित की है। किसानों का कहना है कि प्राथमिक साख सहकारी समिति सीधे तौर पर अन्नदाताओं के आर्थिक हितों, खाद-बीज वितरण और धान खरीदी से जुड़ी संस्था है। ऐसे में यहां किसी भी राजनीतिक दुर्भावना या पक्षपात से परे हटकर पूर्णतः पारदर्शी और किसानों के प्रति समर्पित व्यक्ति को ही प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए।

किसानों के अनुसार, उन्हें पुख्ता जानकारी मिली है कि भानपुरी समिति में ग्राम कोलिहापुरी निवासी कन्हैया वर्मा (पिता भीखम वर्मा) को प्राधिकृत अधिकारी बनाने की तैयारी चल रही है। किसानों ने स्पष्ट किया कि वे इस नियुक्ति को कतई स्वीकार नहीं करेंगे। यदि प्रशासन ने समय रहते इस पर पुनर्विचार कर नियुक्ति आदेश निरस्त नहीं किया, तो किसान सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### दर्जनों किसानों ने दर्ज कराई शिकायत

विरोध दर्ज कराने वालों में प्रमुख रूप से चमन लाल, सुरेश पटेल, हरीराम, लीलाम्बर, चंद्रेश वर्मा, डोमेश पटेल, मनीष, गोपीराम, मदनलाल वर्मा, रूपचंद, नरेश, तेजराम वर्मा, लोकनाथ, रामसुख, पुरुषोत्तम यादव, विजय, हेमशंकर वर्मा, शंकरलाल, पिलेश्वर, दिनेश वर्मा, चौतीलाल, उमेश, बुधदेव, उदयशंकर, इतवारी, रामकुमार वर्मा, बैसाख, भारत, हेमंत कुमार, हीरालाल वर्मा, उमेश वर्मा, डोमेश्वर, रामचंद, गोविंद, महेश, महतरू राम, रामखिलावन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान शामिल हैं।

डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत पुनर्गठन के बाद अस्तित्व में आईं नवीन सोसायटियों के लिए शासन स्तर पर प्राधिकृत अधिकारियों के जो नाम प्रस्तावित किए गए हैं। जिसमें झिंझारी (मड़ियान से पृथक) रामाधार ओझा, कनेरी (सीतागोटा से पृथक) नकुल चंद्रवंशी, खुड़मुड़ी (खुर्सीपार से पृथक) तिजाऊ वर्मा, भानपुरी (मुसराकला से पृथक) कन्हैया वर्मा, देवकट्टा (अछोली से पृथक) सुरेश कंवर, पीपरखार (बोरतलाव से पृथक) प्यारी वर्मा, मुड़िया (मोहारा से पृथक) तेजलाल वर्मा, कसारी (रुआतला से पृथक) शैलेंद्र वैष्णव, भोथली (ठाकुरटोला से पृथक) राजकुमार सिन्हा, पिपरिया (मेंढ़ा से पृथक) वेदराम निर्मलकर, कुरुभाट (मुड़पार से पृथक) मूलचंद साहू व रेंगाकठेरा (कोलिहापुरी से पृथक) भाजपा नेता भूपेंद्र वर्मा आदि है। उल्लेखनीय है कि इन नामों की अभी अधिकृत घोषणा नहीं हुई है। विवाद और आपत्तियों को देखते हुए प्रशासन द्वारा संबंधित समितियों से प्रस्तावित नामों को लेकर आवश्यक प्रतिवेदन व जानकारी मंगाई जा रही है।

## श्रीमती चमेली देवांगन को मिलेगा शिक्षादूत सम्मान



छुरिया (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला जरहामहका संकुल झिथराटोला, विकासखंड छुरिया के शिक्षिका श्रीमती चमेली देवांगन का चयन मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा दूत सम्मान 2025-26 के लिए हुआ है श्रीमती देवांगन अपने विद्यालय में विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षण के साथ-साथ नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से सीखने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहें। वे बच्चों की रुचि वह समझ के अनुरूप आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षण को प्रभावित बनाते हैं। साथ ही शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, रोचक, एवं व्यावहारिक बनाने के लिए टी एल एम का का आधिकारिक प्रयोग कर विद्यार्थियों को गतिविधि आधारित शिक्षण प्रदान करते हैं। शिक्षिका श्रीमती चमेली देवगन का सम्मान 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑटो डोरियम राजनांदगांव में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। संकुल समन्वयक संजय साहू प्रधान पाठक दिनेश गजेंद्र शिक्षिका सरोज कोटरे, रेखा भारती उषा पटौदी, पिंगला सिन्हा, कुंज लाल पिस्दा सहित कोकपुर परिवार से डॉ संतोष सिंन्हा, संतु राम चौरे, डीपी तिवारी सहित संकुल केंद्र झिथराटोला के शिक्षको ने इसकी सराहना की है। उपरोक्त जानकारी राममनोहर देवांगन जी ने दी।

## नगर सहित अंचल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम, आज पुराना बस स्टैंड में मचेगी दही लूट की रार

**घरों और मंदिरों में सजीं भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां, दिनभर चला पूजा-अर्चना व उपवास का दौर**

डोंगरगांव (दावा)। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और पारंपरिक दही लूट पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना की। शाम को आरती व पूजा के पश्चात भोग लगाकर व्रत खोला गया। इस दौरान नगर से लेकर गांव-गांव तक मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप झांकियां सजाई गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। देर रात तक भजन-कीर्तन व धार्मिक आयोजनों का क्रम चलता रहा।

जन्मोत्सव के अगले दिन शनिवार को नगर सहित पूरे अंचल में पारंपरिक दही लूट उत्सव की धूम रहेगी। दही लूट का मुख्य आयोजन स्थानीय पुराना बस स्टैंड में किया जा रहा है, जिसे लेकर गोविंदा उत्सव समिति एवं आयोजकों द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मटकी फोड़ने के लिए युवाओं और बच्चों की टोलियां मानव पिरामिड बनाकर अपना कौशल दिखाएंगी। आयोजन को लेकर नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में भी खासा उत्साह है।

### आकर्षक पुरस्कार और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

दही लूट प्रतियोगिता को रोमांचक बनाने के लिए आयोजकों द्वारा विजेता टोलियों के लिए आकर्षक नकद व स्मृति पुरस्कार रखे गए हैं। दही लूट से पूर्व दर्शकों और आम नागरिकों के मनोरंजन के लिए गोविंदा उत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए आयोजन स्थल पर प्रकाश, सुरक्षा और बैठक व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। पूरा अंचल भक्ति और उल्लास के रंग में रंगकर पूरी तरह कृष्णमय हो उठा है।

## विचारपुर नवागांव में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**जिला पंचायत अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना**

छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम विचारपुर नवागांव में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र व प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति व ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव का भावभीना स्वागत किया गया। महोत्सव को लेकर पूरे गांव में भारी उत्साह देखा गया। मंदिर परिसर और मंच को आकर्षक रूप से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की मनमोहक झांकी और भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक जन्मोत्सव का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु डटे रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल आस्था के केंद्र नहीं हैं, बल्कि उनका जीवन और श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। श्रीकृष्ण ने हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य, न्याय और निष्काम कर्म का पाठ पढ़ाया है। जन्माष्टमी का यह पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारा और एकता को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने समस्त ग्रामीणों व श्रद्धालुओं को पर्व की बधाई दी। महोत्सव में जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति यदु, जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, डोंगरगांव के पूर्व मंडल अध्यक्ष फागु राम सिन्हा, ग्राम पंचायत शिकारीमहका के सरपंच प्रतिनिधि कुंदन बड़बोले, ईश्वर यादव, सुखराम यादव, प्रेमलाल यादव, अशोक यादव, हीरालाल यादव, चौहान यादव, दिनेश यादव, मोहन यादव, अनिल यादव, कांता यादव सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुख एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रेलवे फुटबॉल ग्राउंड पर पहली बार होगी भव्य दही हांडी प्रतियोगिता, गोविंदा टोलियों में उत्साह



**मॉर्निंग ग्रुप व रेलवे इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में आज सजेगा मटकी फोड़ का मंच**

डोंगरगढ़ (दावा)। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में डोंगरगढ़ के ऐतिहासिक रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में आज पहली बार भव्य दही हांडी (दही लूट) प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन रेलवे फुटबॉल ग्राउंड मॉर्निंग ग्रुप एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इंस्टीट्यूट, डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा।

### मैदान पर पहली बार मचेगी दही हांडी की धूम

उल्लेखनीय है कि स्थानीय रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में प्रतिवर्ष भव्य रूप से रावण दहन का पारंपरिक आयोजन होता रहा है, किंतु खेल मैदान के इतिहास में यह पहला अवसर है जब यहां बड़े पैमाने पर दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस नए आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के वनांचल व ग्रामीण अंचलों की युवा गोविंदा टोलियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

### 25,000 का आकर्षक प्रथम पुरस्कार

दही हांडी प्रतियोगिता को प्रतिस्पर्धी और आकर्षक बनाने के लिए आयोजकों की ओर से मटकी फोड़ने वाली प्रथम विजेता टोली के लिए 25,000 की नकद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। हवा में लटकती मटकी तक पहुंचने के लिए युवा मानव पिरामिड बनाकर अपने संतुलन और पराक्रम का परिचय देंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र की समस्त गोविंदा टोलियों से समय पर उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। दर्शकों की भारी उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए मैदान में सुरक्षा, प्रकाश एवं बैठक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मटकी फोड़ के दौरान गूंजने वाले जयकारों और भक्तिमय वातावरण से पूरा ग्राउंड उमंग और उल्लास के रंग में रंगा नजर आएगा।

## देवेन्द्र खोब्रागढ़े को मिलेगा 'शिक्षादूत सम्मान', शिक्षक दिवस पर होंगे सम्मानित



**० नवाचार व गतिविधि आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों में जगाई सीखने की ललक**

**० पं. गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में नवाजे जाएंगे**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सेनडोंगर (संकुल मुंगलानी) में पदस्थ नवाचारी शिक्षक देवेन्द्र खोब्रागढ़े का चयन राज्य शासन के प्रतिष्ठित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के अंतर्गत शिक्षादूत सम्मान के लिए किया गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को जिला मुख्यालय स्थित पं. गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। शिक्षक देवेन्द्र खोब्रागढ़े शाला में पारंपरिक अध्यापन से इतर नवाचारपूर्ण एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित कर रहे हैं। वे स्मार्ट क्लास और विविध प्रकार के टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) का प्रभावी उपयोग कर जटिल विषयों को भी सरल व रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं।

### सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर

विद्यालयीन परिवेश को सुरुचिपूर्ण बनाने के लिए उन्होंने परिसर में किचन गार्डन, बागवानी और प्रिंट रिच वातावरण तैयार किया है। इसके साथ ही वे अंगना म शिक्षा एवं माता उन्मुखीकरण जैसे अभियानों के जरिए पालकों को भी बच्चों की शिक्षा से सक्रिय रूप से जोड़ रहे हैं। विद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा में नियमित रूप से सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और रचनात्मक गतिविधियों का संचालन कर बच्चों के बौद्धिक विकास को गति दी जा रही है।

शिक्षा क्षेत्र में उनके समर्पण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति निष्ठा के चलते मिले इस सम्मान से पूरे संकुल में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य सीताराम कुंजाम, संकुल समन्वयक मनोज साहू, प्रधानपाठक सुधाकर धरमगुड़े, ओमप्रकाश साहू, लोकनायक महामल्ला सहित संकुल के समस्त शिक्षकों, पालकों और सहयोगियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# क्रिकेट के मैदान पर पहली बार आमने-सामने होंगे भारत और जापान



नई दिल्ली। क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम पहली बार जापान की धरती पर टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेलने उतरेगी। भारत और जापान की टीमें 22 सितंबर 2026 को तोचिगी प्रीफेक्चर के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला सुबह 9:30 बजे भारतीय समयानुसार शुरू होगा। टीम इंडिया तब एशियाई खेलों के लिए जापान में ही होगी।

जापान क्रिकेट एसोसिएशन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस ऐतिहासिक मुकाबले की घोषणा की है। मैच को 'सुजुकी कप' नाम दिया गया है। खास बात यह है कि यह सिर्फ दो क्रिकेट टीमों के बीच मुकाबला नहीं होगा, बल्कि भारत और जापान के बीच खेल और कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में भी इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

यह मुकाबला भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के समारोहों की शुरुआत करेगा। इसके लिए %स्पोर्ट 75% नाम की पहल शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य खेल के माध्यम से दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क और सहयोग को बढ़ावा देना है।

यह पहल उस समझौते से जुड़ी है, जो जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई शिखर बैठक के दौरान सामने आया था। इसमें खेल के क्षेत्र में दोनों देशों के सहयोग को बढ़ाने के साथ-साथ भारत की 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी की महत्वाकांक्षा को भी ध्यान में रखा गया है।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने इस मुकाबले को भारतीय क्रिकेट के लिए खास अवसर बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय और जापानी टीमों का इस ऐतिहासिक मौके पर साथ आना क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनकर बेहद खुश है, जब भारतीय और जापानी पुरुष टीमें जापान में एक विशेष टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में आमने-सामने होंगी। यह क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि भारतीय टीम एक नए क्षेत्र में जा रही है और इससे जापान तथा पूर्वी एशिया में क्रिकेट को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

# बीसीसीआई ने रोहित यादव पर लगाया 2 साल का बैन




नई दिल्ली। भारतीय अंडर 19 टीम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ घरेलू वनडे व यूथ टेस्ट सीरीज खेलने वाली है। उस सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने गए रोहित यादव पर बीसीसीआई ने बैन लगाया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उम्र को लेकर कथित गलत जानकारी देने के मामले में बंगाल के लेग स्पिनर रोहित यादव पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

रोहित उन 62 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सीएबी (क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल) ने दस्तावेजों और उम्र संबंधी विसंगतियों के कारण 2026-27 और 2027-28 सत्र में किसी भी टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण या स्थानांतरण के लिहाज से अयोग्य घोषित किया है। आपको बता दें कि कुछ सप्ताह पहले ही रोहित को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया था। उत्तर प्रदेश के रहने वाले रोहित ने जुलाई में भारत की अंडर-19 टीम के साथ श्रीलंका का दौरा किया था। उन्होंने वहां छह विकेट लिए थे और टीम को अंतिम टेस्ट जीतने में अहम योगदान दिया था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, च्च्उन पर दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

श्रीलंका दौरे के दौरान दस्तावेजों की जांच में उनकी उम्र को लेकर विसंगतियां सामने आईं। रोहित के पास जन्म के तीन अलग-अलग प्रमाणपत्र मिले, जिनमें जन्म वर्ष 2007, 2009 और 2010 दर्ज है। इसके अलावा उनके आधार रिकॉर्ड में भी अलग-अलग जन्म वर्ष पाए गए। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) में उनका जन्म वर्ष 2007 दर्ज था, जबकि आधार रिकॉर्ड में 2017 और 2020 के अपडेट में 2006 और 2021 में इसे बदलकर 2009 किया गया। इन विसंगतियों के कारण वह आयु वर्ग की क्रिकेट खेलने के लिए अयोग्य पाए गए।

सीएबी ने इन गड़बड़ियों के चलते पहले ही रोहित को अपनी जूनियर टीमों से बाहर कर दिया था और बाद में बीसीसीआई को इसकी जानकारी दी। अब बोर्ड ने उन्हें दो साल तक घरेलू क्रिकेट खेलने से भी रोक दिया है और सभी संबद्ध राज्य क्रिकेट संघों को इसकी सूचना दे दी है। इस सूची में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के पूर्व सदस्य रवि कुमार और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर विशाल भट्टी भी शामिल हैं।

रवि 2022 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के अहम सदस्य रहे हैं। सीएबी रिकॉर्ड में उनकी उम्र को लेकर 45 महीने का अंतर पाया गया है। संघ ने कई अन्य आयु वर्ग के खिलाड़ियों के रिकॉर्ड में भी कई वर्षों तक की विसंगतियां चिन्हित की हैं। यह कार्रवाई खिलाड़ियों के दस्तावेजों और जन्म तिथि के रिकॉर्ड की व्यापक जांच का हिस्सा है, जिसकी सूची सीएबी ने अपनी वेबसाइट पर भी जारी की है।

# श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के वार्डों में मोबाईल कैम्प का हो रहा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एसओपी अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के वार्डों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मोबाईल कैम्प में आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

श्रमिक पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाईल एप, लोकसेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते है। मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के टोल फ्री हेल्प लाईन नंबर 0771-3505050 पर संपर्क कर श्रमिक पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। माह सितंबर 2026 में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के वार्डों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मोबाईल कैम्प में श्रमिक उपस्थित होकर श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभिन्न योजना अंतर्गत लाभ लेने के लिए निःशुल्क आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त कर सकते है।

राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 7 सितंबर को वार्ड क्रमांक 34 कन्हारपुरी वार्ड एवं जराही, 8 को मुड़पार (डी), 9 को बागतराई एवं वार्ड क्रमांक 44 कौरिनभाठा, 11 को कोपेडीह एवं वार्ड क्रमांक 5 चिखली, 18 को परमालकसा एवं पार्रीकला, 21 को पदुमतरा, 22 को बासुला, 23 को सिंघोला, 24 को महरूमखुर्द एवं सांकरा, 28 को बरबसपुर एवं सोमनी, 29 को बरगा एवं 30 सितंबर को कांकेतरा में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 7 सितंबर को सुखरी, 9 को किरगी। 10 को रूदगांव, 11 को बरगांव, 18 को घोरदा, 21 को बनभेड़ी, 23 को ओडारबांध, 28 को आसरा, 29 को जंतर, 30 को खुज्जी एवं छुरिया विकासखंड अंतर्गत 7 सितंबर को झाड़ीखैरी, 9 को बेंदाड़ी, 11 को पंडरापानी, 12 को गहिराभेड़ी, 18 को नांदियाखुर्द (बखरूटोला), 21 को तेलिनबांधा, 23को घोघरे, 24 को बिसाहूटोला, 28 को जोब, 30 सितंबर को बेलरगोंदी तथा डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत 5 सितंबर को छपारा, 7 को बिजनापुर, 9 को सेम्हरा, 11 को पलांदुर, 18 को परागांवखुर्द, 22 को पिनकापार, 24 को पेण्ड्री, 26 को चारभांठा, 29 सितम्बर को मोहनपुर में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# आगामी त्यौहार एवं सार्वजनिक उत्सवों के मद्देनजर केसीजी पुलिस की विशेष कार्रवाई

**आदतन बदमाशों, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को थाना बुलाकर दी गई सख्त समझाईश**



खैरागढ़ (दावा)। आगामी त्यौहारों एवं सार्वजनिक उत्सवों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष निगरानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आगामी त्यौहारों के मद्देनजर गुंडा, निगरानी बदमाश एवं आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने, उन्हें थाना बुलाकर समझाईश देने तथा आवश्यकता अनुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आदतन बदमाशों, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को थाना बुलाकर आगामी त्यौहारों एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, विवाद, मारपीट, उपद्रव अथवा शांति व्यवस्था भंग करने वाले कृत्य से दूर रहने की सख्त समझाईश दी गई संबंधित व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई कि वे कानून का पालन करें तथा त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की आपराधिक अथवा असामाजिक गतिविधि में शामिल न हों। साथ ही उन्हें पूर्व आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज में शांतिपूर्ण एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन-यापन करने हेतु प्रेरित किया गया।

## जिले में सतत निगरानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

जिला पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं त्यौहार आयोजन स्थलों पर लगातार पेट्रोलिंग एवं निगरानी की जा रही है।। आदतन अपराधियों एवं निगरानी बदमाशों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है, तथा आवश्यकता अनुसार प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है, कि आगामी त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था प्रभावित करने, उपद्रव करने अथवा किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# दीपिका ब्यूटी पार्लर व एकेडमी की अभिनव पहल : 50 महिलाओं को निःशुल्क बाटे थ्रेडिंग चेयर, वैक्स हीटर व हेयर ड्रायर



**प्रशिक्षण प्रमाण पत्र पाकर खिले महिलाओं के चेहरे, शहीद पूर्णानंद स्मारक के समक्ष हुआ गरिमामय आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण अंचल की बेटियों और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर स्वावलंबन की राह दिखाने के उद्देश्य से जंगलपुर स्थित शहीद पूर्णानंद स्मारक के समक्ष एक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन' कोरबा की ऑर्गेनाइजर श्रीमती उषा शर्मा के विशेष सहयोग से दीपिका ब्यूटी पार्लर एंड एकेडमी, जंगलपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सौंदर्य प्रशिक्षण ले रहीं 50 छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक ब्यूटी उपकरण निःशुल्क प्रदान किए गए। समारोह में दो माह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली 50 महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए थ्रेडिंग चेयर, वैक्स हीटर और हेयर ड्रायर जैसी व्यावसायिक सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। इसके साथ ही सभी को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। पारंपरिक छत्तीसगढ़िया वेशभूषा में सजीं प्रशिक्षार्थियों के उत्साह ने कार्यक्रम को खास बना दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने इस अनुकरणीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण और आवश्यक साधन उपलब्ध कराना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है। इससे वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी। इस दो माह के प्रशिक्षण सत्र में जंगलपुर सहित आसपास के क्षेत्र पारागांव, सुरगी, आरला, मोखला, कोटरासरार, मोखली, रामपुर, मोतीपुर, लखोली, कन्हारपुरी और हल्दी आदि गांवों की बेटियों व महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जंगलपुर सरपंच भूपेंद्र साहू, रामपुर के पूर्व सरपंच किशोर साहू, पंच रवि साहू, सुनीता साहू, संतोष साहू, भूमिन साहू, कुबेर साहू, आदर्श स्कूल राजनांदगांव के प्राचार्य सोनलराज साहू, शहीद पूर्णानंद साहू के पिता एवं पूर्व पंच लक्ष्मण साहू तथा फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर लक्ष्मी रूपेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में अवार्डेड ब्यूटीशियन दीपिका-तिलक साहू एवं पीतांबर साहू ने सभी अतिथियों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सेवा और सरोकार के साथ मना जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर का जन्मदिन



**वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बांटे फल, बच्चों संग काटा केक, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण**

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर का जन्मदिवस सेवा, स्नेह और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। आडंबर से दूर उन्होंने अपने जन्मदिन को जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों में सहभागिता कर समर्पित किया। दिन की शुरुआत उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की। उन्होंने भगवान के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। इसके उपरांत वे राजनांदगांव स्थित वृद्धाश्रम पहुंचीं। जहां उन्होंने बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना, उन्हें ताजे फल वितरित किए और वरिष्ठजनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर समाज में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा की महत्ता का संदेश दिया।

इसी क्रम में वे ग्राम पार्रीकला स्थित शासकीय स्कूल पहुंचीं, जहां उन्होंने स्कूली बच्चों को फल वितरित किए और उनके बीच केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक उन्हें बधाई दी। इसके पश्चात ग्राम सुंदरा स्थित मिनी स्टेडियम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। समर्थकों ने उन्हें उपहार स्वरूप पौधे भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। जन्मदिवस के अवसर पर समर्थकों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने प्रतिमा पप्पू चंद्राकर को गुलदस्ता, मोमेंटो, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। दिनभर सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से भी जिले व प्रदेशभर से उन्हें बधाई संदेश मिलते रहे। अपने जन्मदिन पर मिले इस अपार स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद के लिए प्रतिमा चंद्राकर ने सभी जनप्रतिनिधियों, समर्थकों और क्षेत्रवासियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

***इसरो ने रचा इतिहास! ईओएस-05 इमेजिंग सैटेलाइट लॉन्च, प्रधानमंत्री मोदी बोले- गर्व का पल***

की ऊंचाई पर काम करेगा. इस ऊंचाई से यह भारत और आसपास के बड़े इलाके पर लगातार नजर रखने में मदद करेगा. कम ऊंचाई वाले कई सैटेलाइट एक जगह से गुजरने के बाद आगे निकल जाते हैं, जबकि ईओएस-05 को लंबे समय तक एक ही क्षेत्र की निगरानी के लिए तैयार किया गया है. ईओएस-05 से धरती की तस्वीरें और जरूरी जानकारी मिलने से कई क्षेत्रों में मदद मिलने की उम्मीद है. मौसम की निगरानी, बाढ़ और दूसरी प्राकृतिक आपदाओं पर नजर, खेती से जुड़ी जानकारी और बड़े इलाकों की निगरानी जैसे कामों में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है.

***सीजेपी प्रदर्शन के दौरान घटित मामले पर पुलिस के खिलाफ संसद मार्ग थाने पर प्रदर्शन***

हमला बोलते हुए कहा कि क्या हमारी बेटियों और दलितों पर इसी तरह जुल्म किए जाएंगे। यह सरकार महिलाओं, अल्पसंख्यकों और दलितों के खिलाफ है। आखिर इस देश की बेटी को इंसाफ क्यों नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों और सत्ताधारी दल का यह गठजोड़ लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने में लगा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, कांग्रेस सांसद नसीर हुसैन ने भी सरकार और पुलिस की मंशा पर सवाल उठाए और पीड़ित परिवार को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर उस नागरिक के साथ खड़ी है जिसके साथ अन्याय हुआ है। उल्लेखनीय है कि संजय आजाद पर कथित तौर पर हमला करने वाले स्वतंत्र भारद्वाज का हाल ही में एक वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में उसने कुछ दावे किए थे जिन्हें सोशल मीडिया में आजाद समर्थकों ने कबूलनामा बताया। उनका कहना था कि स्वतंत्र को पुलिस ने क्यों छोड़ दिया और उनपर हत्या की धारायें क्यों नहीं लगाई।

***नेपाल बाढ़-9 दिन बाद सुरंग से जिंदा निकले 2 मजदूर : 40 के अब भी फंसे होने की आशंका***

इलाज बिरेंद्र आर्मी अस्पताल और कबीर महारजन का इलाज नेशनल ट्रॉमा सेंटर में किया जाना है. यह सुरंग 26 अगस्त को रसुवा में भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ के कारण बंद हो गई थी. प्रभावित इलाकों में भोजन और जरूरी सामान पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर राहत अभियान चलाया जा रहा है. 69 ट्रकों और 38 बोलेरो वाहनों से राहत सामग्री भेजी जा रही है. नेपाली सेना ने 9 हेलीकॉप्टर उड़ानें और सशस्त्र पुलिस बल ने 163 उड़ानें संचालित की हैं. सरकार ने रसुवा और नुवाकोट को शुरुआती राहत के रूप में 10-10 मिलियन नेपाली रुपये और धादिंग को एनपीआर 5 मिलियन नेपाली रुपये जारी किए हैं. शुरुआती आकलन में बाढ़ से बड़े पैमाने पर नुकसान सामने आया है. अब तक 7,570 निजी मकान, 48 सरकारी इमारतें, 18 स्कूल और 7 स्वास्थ्य केंद्र प्रभावित हुए हैं. करीब 55 किलोमीटर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है. 33 मोटर योग्य पुल पूरी तरह नष्ट हुए हैं, जबकि कुल 37 ऐसे पुल प्रभावित हुए हैं. इसके अलावा 68 सस्पेंशन ब्रिज भी क्षतिग्रस्त हुए हैं. आपदा के बाद 4,521 विस्थापित लोगों को अस्थायी राहत केंद्रों में रखा गया है. वहीं चोट लगने के कारण 5,397 लोगों का इलाज चल रहा है. सरकार ने अब तक कुल आर्थिक नुकसान और क्षति का अनुमान एनपीआर 38,754.68 करोड़ लगाया है. शुरुआती रिकवरी कार्यों के लिए एनपीआर 795.3 करोड़ की जरूरत बताई गई है.

***टेक्सटाइल सेक्टर में छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी संभावनाएं, केंद्र सरकार करेगा हरसंभव सहयोग : गिरिराज सिंह***

धरोहर को आधुनिक फैशन ट्रेंड और वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए प्रदेश में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉज (निफ्ट) की स्थापना मील का पत्थर सिद्ध होगी। निफ्ट के माध्यम से स्थानीय बुनकरों और शिल्पकारों को अत्याधुनिक डिजाइन व तकनीक का लाभ मिलेगा, जिससे वैल्यू चेन सुदृढ़ होगी। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने राज्य की निवेश-अनुकूल नीति और रोजगारोन्मुखी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि संसाधन संपन्न छत्तीसगढ़ में अनुकूल वातावरण के चलते सेंट्रल इंडिया का एक प्रमुख टेक्सटाइल हब बनने की पूरी क्षमता मौजूद है। उन्होंने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार आधुनिक तकनीक, ऑटोमेशन और कौशल उन्नयन के लिए राज्य को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगी।

# राष्ट्रीय ताईक्वांडो मीट में जयपुर संभाग ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप



डोंगरगढ़ (दावा)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में आयोजित नवोदय विद्यालय समिति राष्ट्रीय ताईक्वांडो मीट-2026 का समापन हुआ। एक से तीन सितंबर तक चली प्रतियोगिता में देशभर के जवाहर नवोदय विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु और भार वर्गों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जयपुर संभाग ने ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। पटना संभाग दूसरे और लखनऊ संभाग तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह शाम छह बजे आयोजित किया गया। नवोदय विद्यालय समिति भुवनेश्वर संभाग के सहायक आयुक्त डॉ. वाईएसएस चंद्रशेखर मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने अतिथि का स्वागत किया। समारोह में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को मंच पर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न वर्गों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और स्थान प्राप्त करने वाले संभागों के खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक मंडल के निर्णय के आधार पर हैदराबाद संभाग को सर्वश्रेष्ठ अनुशासित संभाग का पुरस्कार दिया गया। वहीं उद्घाटन समारोह के दौरान हुए मार्च पास्ट में शिलांग संभाग को सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट का पुरस्कार मिला। अनुरक्षकों और टीम मैनेजरों को भी शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## अंडर-14 में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में विभिन्न भार वर्गों में आयुष (जेएनवी सीतापुर, लखनऊ), डीके कौशिक (जेएनवी दावणगेरे, हैदराबाद), अनमोल कुमार (जेएनवी भोजपुर, पटना), प्रीतम एस. (दावणगेरे), अरिहंत हुमाने (जेएनवी नागपुर, पुणे), अभिलाष यादव (जेएनवी सीतापुर) और अंकु कुमार (जेएनवी भोजपुर) ने अपने-अपने भार वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा देवानंद पीएम, रविश कुमार, अतुल, वैभव दुबे, प्रेमशंकर जाट, नोबोजित डांगरीय और वेदांग गोयल सहित अन्य खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

अंडर-19 वर्ग में प्राग्या प्रिया बोराह (जेएनवी जोरहाट, शिलांग), त्रिनासरी बोराह, दिम्पा कुमारी, अनुराधा केवट, दिव्या, सोनम चंद्रा और गरिमा चोपड़ा ने अपने-अपने भार वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजली अहिरवार, पल्लवी आर., एंजेल, सांगिनी कुमारी, भूमि सोनी, मीराबोथेम और कृष्णा सोनी सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न वर्गों में पदक हासिल किए।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विभिन्न नवोदय विद्यालयों के प्राचार्य, उपप्राचार्य, शिक्षक, प्रशिक्षक और कर्मचारियों ने जिम्मेदारियां संभालीं। जवाहर नवोदय विद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य अजीत प्रताप सिंह ने खेल मैदान और ग्राउंड से संबंधित व्यवस्थाओं की निगरानी की। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय दंतेवाड़ा के उपप्राचार्य धर्मेंद्र यादव ने भोजनालय व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली और भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा समयबद्ध वितरण पर नजर रखी। आयोजन के ओवरऑल इंचार्ज जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बीच समन्वय बनाकर आयोजन को व्यवस्थित रूप से संचालित किया। खेल शिक्षक अनिल कुमार पाल और उमा देवी धुर्वे ने भी उनके मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोंडागांव के नायडू, धमतरी के साहू तथा जयपुर रीजन की टीम मैनेजर एवं जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतापगढ़ की उपप्राचार्य पूजा सोनी सहित विभिन्न विद्यालयों से आए कर्मचारियों ने आयोजन में सहयोग किया। समापन अवसर पर विद्यालय परिवार ने विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती उइके ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी शिक्षक रामकुमार चंद्रा एवं विज्ञान शिक्षिका दिव्या जैन ने किया। आयोजन के लिए विद्यालय परिवार ने राजनांदगांव कलेक्टर जितेंद्र यादव, डोंगरगढ़ एसडीएम कुमार विश्वास और नवोदय विद्यालय समिति भुवनेश्वर संभाग के सहयोग के प्रति आभार जताया।

# ओबीसी महासंघ ने खोला मोर्चा-जमीन हमारी, फैसला भी हमारा, श्री सीमेंट परियोजना के खिलाफ अब आर या पार की लड़ाई

**कहा-किसानों की उपजाऊ जमीन और पर्यावरण की कीमत पर विकास स्वीकार्य नहीं, आगामी जनसुनवाई रद्द करने की मांग,**

खैरागढ़ (दावा)। दनिया-अतरिया-हनईबन-उदयपुर क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री एवं चूना-पत्थर खनन परियोजना का विरोध लगातार तेज हो रहा है। गुरुवार को अन्य पिछड़ा वर्ग महासंघ, जिला चष्ट्त ने प्रेस वार्ता आयोजित कर परियोजना के संबंध में अपना रुख स्पष्ट किया। इसके बाद महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर परियोजना से संबंधित आगामी प्रशासनिक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने तथा प्रस्तावित जनसुनवाई रद्द करने की मांग की। महासंघ के पदाधिकारि टीलेश्वर साहू, अमर यादव, कपिनाथ महोबिया, हर्ष दशरीया ,संत निषाद, नरोत्तम सिन्हा, डोमार वर्मा ने कहा कि यह केवल फैक्ट्री स्थापित करने का मामला नहीं है बल्कि हजारों किसानों की जमीन, खेती, आजीविका, जलस्रोत, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है और यहां की उपजाऊ भूमि ग्रामीणों की आजीविका का प्रमुख आधार है।।

### खेती, जल और पर्यावरण की कीमत पर कैसा विकास?

ओबीसी महासंघ ने परियोजना के कारण संभावित धूल एवं वायु प्रदूषण, भूजल स्तर में बदलाव, जलस्रोतों पर प्रभाव तथा कृषि भूमि की उर्वरता प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की।। महासंघ का कहना है कि जिन खेतों में किसान पीढ़ियों से खेती करते आ रहे हैं, वे उनके लिए महज भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि पुश्तैनी विरासत और आजीविका का आधार हैं।। कृषि भूमि प्रभावित होने की स्थिति में ग्रामीण परिवारों के सामने रोजगार, आर्थिक असुरक्षा और पलायन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।। महासंघ के सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में धान, चना, गेहूं, टमाटर सहित विभिन्न कृषि एवं वनोपज का उत्पादन होता है। यदि उद्योग स्थापित करना आवश्यक है तो क्षेत्र की कृषि और स्थानीय संसाधनों के अनुरूप ऐसे उद्योग



लगाए जाने चाहिए, जिनसे किसानों को रोजगार के अवसर मिलें और उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके।

### उद्योग का विरोध नहीं, किसानों के हित में विकास चाहिए

महासंघ ने स्पष्ट किया कि वह उद्योग और विकास के विरोध में नहीं है। पदाधिकारियों ने कहा कि उद्योग अवश्य स्थापित होने चाहिए, लेकिन किसानों की उपजाऊ भूमि उजाड़कर और पर्यावरण की कीमत पर नहीं। बड़े उद्योगपतियों के आर्थिक लाभ के लिए किसानों की आजीविका प्रभावित करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास ऐसा होना चाहिए, जिससे किसान, ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सशक्त हो।

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन

महासंघ ने प्रशासन के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखीं। इनमें प्रस्तावित परियोजना की आगामी जनसुनवाई की प्रक्रिया पर रोक लगाना, किसानों की भूमि, खेती, जल, पर्यावरण एवं आजीविका पर संभावित प्रभावों को देखते हुए परियोजना को बंद या निरस्त करने की अनुशंसा करना, राज्य एवं केंद्र सरकार को परियोजना के संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन भेजना तथा किसानों के हितों को प्रभावित करने वाली आगामी प्रशासनिक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाना शामिल है।

### पहले भी हो चुका है बड़ा आंदोलन, अब आर य पार की लडाई होगी

महासंघ ने कहा कि श्री सीमेंट परियोजना के विरोध में क्षेत्र में पिछले वर्ष से ही आंदोलन जारी है। हाल ही में महिला एवं युवा संगठनों ने भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर और प्रेस वार्ता के माध्यम से परियोजना का विरोध दर्ज कराया है। कुछ समय पूर्व छुईखदान क्षेत्र में हजारों किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर आंदोलन किया था। किसानों ने अपनी जमीन और पर्यावरण की रक्षा के लिए सड़क पर उतरकर परियोजना के विरोध में आवाज बुलंद की थी।महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि आगामी जनसुनवाई की तैयारियों और परियोजना से संबंधित प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। महासंघ ने कहा कि किसान की जमीन उसकी पहचान है। कृषि भूमि उसकी आजीविका है और जल-पर्यावरण आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है। जमीन हमारी है, तो फैसला भी हमारा होना चाहिए। महासंघ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका विरोध किसी व्यक्ति या उद्योगपति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि ऐसी परियोजना के खिलाफ है, जिससे किसानों की जमीन, खेती, जल, पर्यावरण और आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। महासंघ ने किसान अधिकार संघर्ष समिति के लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण एवं वैधानिक संघर्ष को अपना समर्थन दिया।

# छुरिया के डॉ. तौहीद मेमन ने बढ़ाया अंचल का मान, उपराष्ट्रपति के हाथों मिली एमबीबीएस की डिग्री

छुरिया (दावा)। नगर के होनहार युवा डॉ. तौहीद मेमन ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और असाधारण प्रतिभा के दम पर न केवल अपने परिवार, बल्कि समूचे छुरिया अंचल को गौरवान्वित किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर से चिकित्सा शिक्षा पूरी करने वाले डॉ. तौहीद मेमन को देश के उपराष्ट्रपति के हाथों एमबीबीएस की उपाधि प्रदान की गई है।



**एम्स रायपुर से पूरी की चिकित्सा शिक्षा, सफलता पर परिवार में हर्ष और क्षेत्रवासियों में उत्साह**

एम्स रायपुर के दीक्षांत समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति के करकमलों से डिग्री प्राप्त करना डॉ. तौहीद और पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण क्षण रहा। डॉ. तौहीद मेमन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष आबिद मेमन के सुपुत्र हैं। बेटे की इस उल्लेखनीय और प्रतिष्ठित सफलता पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और स्थानीय नागरिकों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है।

### युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत

छुरिया जैसे छोटे कस्बे से निकलकर एम्स जैसे देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थान में स्थान बनाना, दिसंबर 2023 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करना और फिर उपराष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होना एक असाधारण उपलब्धि है। डॉ. तौहीद की यह सफलता क्षेत्र के उन सभी छात्र-छात्राओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं और अपनी मेहनत के बल पर उन्हें साकार करने का जज्बा रखते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने डॉ. तौहीद मेमन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और जनसेवा की भावना से परिपूर्ण चिकित्सीय करियर की मंगलकामना की है।

# ग्राम कोहलाकसा में धूमधाम से मना श्री तुलसी जन्मोत्सव, मानस मंडलियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व मानस साधकों का हुआ सम्मान, विधायक दलेश्वर साहू सहित कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम कोहलाकसा (लाल बहादुर नगर) में भव्य एवं ऐतिहासिक श्री तुलसी जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू थे। विशेष अतिथि के रूप में लाल बहादुर नगर के नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, साहू संघ अध्यक्ष गिरवर साहू, मानस प्रतिष्ठान डोंगरगढ़ के संरक्षक रविंद्र अग्रवाल तथा भाजपा मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश इकाई से प्रदेश उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, प्रदेश विधि सलाहकार एवं पूर्व जिलाध्यक्ष पोषण शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया।



**मानस साधकों और मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान**

समारोह के दौरान समाज व मानस के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले मदन ठाकुर एवं आरन सिंह ठाकुर (डोंगरगढ़) को प्रतिष्ठित मानस रत्न सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही योग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक विजेता उत्कर्ष यादव तथा कला-संगीत के क्षेत्र में रामलाल नेताम व रामविलास नेताम को सम्मानित किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केतन साहू (प्रयास विद्यालय), ललित कुमार साहू (10वीं में 90 प्रतिशत) और कु. नंदनी निषाद (12वीं में 78.9 प्रतिशत) को भी मंच से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### मानस मंडलियों ने बिखेरी भक्तिरस की छटा

कार्यक्रम में अंचल की ख्यातिनाम मानस मंडलियों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर पूरे वातावरण को श्रीराममय बना दिया। इसमें नवज्योति मानस परिवार आलेदंड, जय मां परमेश्वरी महिला मानस मंडली मेढ़ा, शांतिकुंज मानस परिवार भंडारपुर, रामलला मानस परिवार डारागांव, संगम मानस परिवार सोरिटोला एवं श्रीराम संस्कार मानस परिवार करवारी डोंगरगढ़ शामिल रहीं। भजन संध्या के समापन पर श्रीमती नीता मुकेश मानिकपुरी, श्रीमती इंद्राणी हरिओम वर्मा, श्रीमती सीमा नारायण साहू, राम वर्मा, मोहनीश साहू एवं देवेंद्र भाई की टीम ने संगीतमय प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मंच संचालन राजेंद्र साहू, मोरजध्वज साहू व कंवल निर्मलकर ने किया। जबकि मीडिया कवरेज श्रीमती गायत्री वर्मा ने संभाला।

आयोजन में ग्राम कोहलाकसा के सरपंच चैतराम कुंजाम, पंचगण, ग्राम पटेल, बृजभान साहू, सुभाष साहू, मनोज साहू, खुजूलाल निषाद, श्यामदास साहू सहित राजनांदगांव जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, शतानंद दुबे, रामखिलावन दुबे, लक्ष्मण साहू, अचल कुमार वैष्णव, चरण पटेल, राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष राधेलाल यादव, लोकगायक महादेव हिरवानी, डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष मनक भंडारी तथा केसीजी (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) जिलाध्यक्ष राजेंद्र लोचन महाराज व मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व मानस प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के अध्यक्ष बजरंग साहू, उपाध्यक्ष विश्राम साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू शर्मा, सचिव राजेंद्र साहू एवं कोषाध्यक्ष रामलाल चंद्रवंशी ने सभी अतिथियों व ग्रामवासियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद



राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान अंतर्गत जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निरंतर एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में निर्धारित 10577 के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 7789 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है, जो 73.64 प्रतिशत उपलब्धि है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षा विभाग एवं जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों से समन्वय स्थापित कर पात्र किशोरियों तक एचपीवी टीकाकरण की जानकारी पहुंचाने, अभिभावकों को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक किशोरियों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, एएनएम, मितानिनों, विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शेष पात्र किशोरियों का टीकाकरण पूर्ण कराने एवं जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अभिभावकों से एचपीवी टीकाकरण एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण के लिए पात्र किशोरियों के अभिभावकों से समय पर टीकाकरण करवाकर एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन : साई कुमार को मिला विद्याभूषण सम्मान, याशु का 'प्रयास' में चयन

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डोंगरगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए विद्यालय सहित पूरे अंचल का नाम गौरवान्वित किया है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम एवं जिले में चौथा स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्र साई कुमार साहू आ. संतोष कुमार साहू को 'विद्या भूषण प्रतिभावान छात्र सम्मान' के तहत 5,000 रुपये की सम्मान राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के पूर्व होनहार छात्र याशु साहू (आत्मज हेमू लाल साहू, ग्राम पनियाजॉब) ने भी बड़ी सफलता हासिल की है। याशु का चयन राज्य के प्रतिष्ठित प्रयास आवासीय विद्यालय बीजापुर में कक्षा 9वीं में अध्ययन हेतु हुआ है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर इस प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाना छात्र की लगन और उत्कृष्ट अध्ययन शैली को दर्शाता है।



**साई कुमार को 5000 का चेक, विद्यालय परिवार व प्रबंध समिति ने दी शुभकामनाएं**

### विद्यालय परिवार व समिति ने दी बधाइयां

छात्रों की इस दोहरी उपलब्धि पर सरस्वती शिक्षा समिति एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष नीलम चोपड़ा, सचिव अविनाश ब्राम्हणकर, सह-सचिव प्रकाश गिरधर, समिति सदस्य प्रभाकर गिरधर, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, केशव अग्रवाल, सुनील जैन, गोपाल खेमुका, महेन्द्र अग्रवाल, सुशील जैन, शिवप्रसाद तिवारी शामिल हैं। इसके अलावा विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, डॉ. विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, भानु प्रताप लारिया सहित आचार्य दीदियों में श्रीमती कीर्ति दफेदार, एस. राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, कौशल्या वर्मा, प्रीतिबाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, श्वेता गिरधर, कामेश्वरी देवांगन, दिव्या धुर्वे, विजय वर्मा, कौशल वाजपेयी एवं कुंती निर्मलकर ने भी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# भोपाल के आरआईई में प्रशिक्षण लेंगी व्याख्याता इस्मिता एक्का, नवाचारों से होंगी रूबरू

**पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से हुआ चयन, विद्यालय परिवार ने दी बधाई**

डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री स्कूल योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई) में आयोजित होने वाले विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस), डोंगरगढ़ की वाणिज्य संकाय की व्याख्याता सुश्री इस्मिता एक्का का चयन हुआ है।

पीएमश्री स्कूल नवाचार के तहत आयोजित इस उच्चस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के कौशल व कार्यक्षमता को निखारना तथा उन्हें आधुनिक शिक्षण पद्धतियों व शैक्षणिक नवाचारों से दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के सीखने की क्षमता (लर्निंग आउटकम) को बेहतर बनाने और उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को तराशने पर विशेष बल दिया जाएगा। व्याख्याता इस्मिता एक्का के इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण हेतु चयन होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य और सफल प्रशिक्षण के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित होंगे शिक्षक रोहित साहू

**शैक्षणिक विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिलेगा 'शिक्षादूत' सम्मान**

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पीएम श्री प्राथमिक शाला अमलीडीह (विकासखंड डोंगरगांव) में पदस्थ सहायक शिक्षक रोहित कुमार साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और नवाचारी योगदान के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत सम्मान से नवाजा जाएगा।

शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नगर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। मूलतः ग्राम मोखला निवासी रोहित कुमार साहू (आत्मज स्व. कौशल साहू) का चयन विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों और विद्यालय के सर्वांगीण विकास में उनके अनुकरणीय योगदान को देखते हुए किया गया है।

### 2005 से शिक्षा के क्षेत्र में दे रहे सेवाएं

श्री साहू की प्रथम नियुक्ति वर्ष 2005 में वनांचल क्षेत्र बीरूपारा (सिवनी), मानपुर में हुई थी। इसके बाद वर्ष 2008 से वे लगातार प्राथमिक शाला अमलीडीह में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अपनी लगन और निष्ठा से न केवल बच्चों के बुनियादी ज्ञान को मजबूत किया, बल्कि शाला की विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों को भी नई दिशा दी है। उनके चयन की घोषणा होते ही विद्यालय परिवार, शिक्षक साथियों और ग्राम मोखला में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस उपलब्धि पर संस्था प्रधान श्रीमती नारायणी ठाकुर, शिक्षिका श्रीमती नीलम जैन, श्रीमती पुष्पा साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष निर्भय पटेल, अमलीडीह सरपंच रोशन साहू, मोखला सरपंच श्रीमती चुम्मन हेम शंकर साहू, लखनलाल साहू लहर, ओमप्रकाश साहू अंकुर, संकुल प्रभारी अर्जुनी माखनलाल रात्रे, संकुल प्रभारी धनगांव हूमनलाल साहू, वासुदेव साहू, एसएमसी उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा सोनकर, रसोइया उमेश्वरी पटेल व भगवती पटेल सहित विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षक संघ और जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जिले ने हासिल की बेहतर प्रगति

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले में खरीफ 2026 में 1 लाख 42 हजार 333 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों का बीमा कराया गया है। इस वर्ष की मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा बीमा कंपनी के सहयोग से जिले की ग्राम पंचायतों में सघन फसल बीमा अभियान चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले है।

धान सिंचित क्षेत्र में 30 हजार हेक्टेयर तथा धान असिंचित क्षेत्र में 1 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का बीमा हुआ है। इसके अलावा सोयाबीन में 504 हेक्टेयर तथा अरहर में 64 हेक्टेयर क्षेत्र बीमित हुआ है। शेष क्षेत्र में उड़द, मूंग एवं अन्य खरीफ फसलों का भी बीमा कराया गया है। सघन अभियान के परिणामस्वरूप खरीफ 2026 में धान सहित विभिन्न खरीफ फसलों के बीमा क्षेत्र में गत वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। गत वर्ष लगभग 1 लाख 38 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का बीमा हुआ था, जबकि इस वर्ष 4 हजार से अधिक हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को फसल बीमा के दायरे में लाया गया है।

# मत्स्य योजनाओं के लाभ के लिए एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य, चॉइस सेंटरों में होगी प्रक्रिया

**सत्यापन के बाद हितग्राहियों के खाते में आएंगे 80 रुपये, जलीय कृषि बीमा और 3 प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगा ऋण**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि योजना सहित केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सुचारू लाभ प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य विकास योजना पोर्टल (एनएफडीपी) पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली विक्रय के व्यवसाय से जुड़े सभी व्यक्ति अब नजदीकी चॉइस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

मत्स्य विभाग के अनुसार यदि किसी एक ही परिवार के एक से अधिक सदस्य मत्स्य पालन कार्य से जुड़े हैं, तो प्रत्येक सदस्य का व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन उपरांत मत्स्य विभाग द्वारा सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होते ही हितग्राही के बैंक खाते में 80 रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे अंतरित की जाएगी। वहीं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को प्रत्येक पंजीयन प्रविष्टि पर 18 रुपये कमीशन देय होगा।

### पंजीयन के लिए ये दस्तावेज जरूरी

एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए मत्स्य कृषकों को पहचान पत्र (पहचान हेतु आवश्यक कार्ड), बैंक पासबुक तथा लिंक मोबाइल नंबर साथ रखना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी का सत्यापन किया जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने पर हितग्राही को प्रारंभिक रूप से एक अस्थायी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। जिसके बाद विभागीय सत्यापन उपरांत स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

### तैयार होगा औपचारिक डाटाबेस : सहायक संचालक

सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालकों, समूहों एवं मत्स्य सहकारी समितियों का कार्य आधारित राष्ट्रीय पहचान डाटाबेस तैयार कर भारतीय मत्स्य पालन क्षेत्र को औपचारिक रूप प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा के लिए 'जलीय कृषि बीमा योजना' के तहत संचित मछलियों का बीमा किया जाता है। इसके अलावा मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक अपनाने व अधोसंरचना विकास के लिए एफआईडीएफ के तहत मात्र 3 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इन सभी शासकीय योजनाओं का निर्बाध लाभ उठाने के लिए एनएफडीपी पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। विभाग ने सभी संबंधित मत्स्य कृषकों से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की है।































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com